वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT
2021 – 2022

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान

राष्ट्रपति निवास, शिमला–171005

INDIAN INSTITUTE OF ADVANCED STUDY

RASHTRAPATI NIVAS, SHIMLA-171005

संस्थान

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान 6 अक्तूबर 1964 को एक स्वायत्त सोसाइटी के रूप में अस्तित्व में आया। तत्कालीन भारत के राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने 20 अक्तूबर 1965 को इस संस्थान का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने संस्थान की एक ऐसे स्थान के रूप में परिकल्पना की जो जीवन व विचार की समस्याओं के स्वतंत्र और रचनात्मक अन्वेषण में सहायक है। एक आवासीय केंद्र के रूप में उच्च शोधकार्यों को समर्पित संस्थान, गहन मानवीय महत्व वाले क्षेत्रों में रचनात्मक सोच को बढ़ावा देता है। संस्थान का वातावरण विशेषकर मानविकी, भारतीय संस्कृति, तुलनात्मक धर्म तथा सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट है। समय–समय पर शोध के अन्य क्षेत्र भी शामिल किए जाते हैं। देश की एक प्रमुख संस्था होने के नाते आज इन मुद्दों पर विवेचना करते हुए संस्थान मानवीय दशाओं की मौलिक अवधारणाओं के बारे में परामर्श तथा सहकार्यता के लिए सुविधाएं प्रदान करता है। संस्थान का पुस्तकालय बहुत समृद्ध है जहाँ पर आधुनिक संचार और प्रलेखन सुविधाएं उपलब्ध हैं जोकि भारत तथा विश्व के उस विचार के प्रति श्रृंद्धाजलि का प्रतीक है जिसकी परिपकल्पना प्रोफ़ेसर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने की थी।

''संस्कृतियों का मेल, सभ्यताओं का मेल तथा विभिन्न दृष्टिकोणों का मेल हमारे युग की एक महानत्तम घटना है, जो हमें आभास करवाती है कि हमें मात्र एक आस्था से नहीं बंधनस चाहिए हैं बल्कि विभिन्न आस्थाओं का भी सम्मान करना चाहिए। हमारा प्रयास होना चाहिए कि लोगों में एकजुटता, मित्रता बनी रहे तथा एक ऐसे जगत का निर्माण हो जहाँ हम प्रसन्नतापूर्वक, एकतापूर्ण तथा मित्रवत जीवन बसर कर सकें। इसलिए आइए हम अनुभव करें कि यह बढ़ती हुई परिपक्वता अन्य दृष्टिकोणों को समझने की क्षमता में व्यक्त हो।'

-डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

अनुक्रम

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या
	प्राक्कथन	9
	निदेशक की कलम से	11
1.	**सामान्य**	13
	संचालन तथा प्रशासन	14
2.	**अध्येता**	14
3.	**अकादमिक कार्यक्रम**	16
	संगोष्ठियाँ, सम्मेलन, परिसंवाद तथा गोलमेज	16
	अध्येताओं द्वारा प्रस्तुत साप्ताहिक संगोष्ठियाँ	46
	अध्येताओं से प्राप्त विनिबंध	47
	विशिष्ट व्याख्यान शृंखला	48
	पुस्तक परिचर्चा	48
	अतिथि अध्येता	49
	अन्य विशिष्ट अकादमिक कार्यक्रम	49
4.	**मानविकी एवं सामाजिक विज्ञानों के लिए अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्र**	50
5.	**लेखे तथा बजट**	55
	संस्थान के परीक्षित लेख	62
	अंतर–विश्वविद्यालय केन्द्र के परीक्षित लेखे	103
6.	**पुस्तकालय**	110
7.	**प्रकाशन**	112
8.	**राजभाषा**	115
9.	**विविध**	116
	संलग्नक	
	संस्थान की सोसाइटी, शासी निकाय तथा वित्त समिति की सूची	121

प्राक्कथन

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए विश्व का एक प्रसिद्ध शोधकेंद्र है जहाँ जीवन और विचारों से संबंधित विषयों तथा समस्याओं के बारे में स्वतंत्र और रचनात्मक अन्वेषण किया जाता है। सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में स्थित इस आवासीय संस्थान में विद्वानों द्वारा गहन मानवीय महत्व के क्षेत्रों में रचनात्मक चिंतन किए जाने को प्रोत्साहन मिलता है।

वर्ष 2021–22 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रस्तावना लिखते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है क्योंकि प्रतिवेदन अवधि के दौरान संस्थान ने कई शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों का सूत्रपात किया। इस अवधि के दौरान संस्थान में दो राष्ट्रीय अध्येताओं तथा बारह अध्येताओं ने अपनी परियोजनाओं पर शोधकार्य करने के लिए संस्थान में अध्येतावृति ग्रहण की है। हलाँकि कोविड–19 ने पूरे विश्व के कामकाज को प्रभावित किया, लेकिन भारत सरकार की पहल के फलस्वरूप देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाने और मनाने के लिए चलाए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' अभियान के अंतर्गत संस्थान द्वारा विविध विषयों पर सिस्को वेबएक्स के माध्यम (ऑनलाइन) से पूरे वर्ष विभिन्न संगोष्ठियाँ तथा कार्यशालाएं आयोजित की गईं। मुझे विश्वास है कि इन प्रयासों से संस्थान की उच्च प्रतिष्ठा और सुदृढ़ हुई है।

मैं माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा मंत्रालय (उच्चत्तर शिक्षा विभाग) के सचिव एवं मंत्रालय के अन्य अधिकारियों का आभार प्रकट करती हूँ, जिनके उदार समर्थन और सहयोग से हम संस्थान के संस्थापक, सम्मानित शिक्षाविद तथा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के स्वप्न को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे हैं।

मैं संस्थान के सभी अधिकारियों को भी उनकी समर्पण, सहयोग और कर्तव्यपरायणता के लिए साधुवाद देती हूँ जिन्होंने संस्थान में अध्ययनरत आवासी विद्वानों के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान करने में अपना सहयोग दिया।

मैं प्रार्थना करती हूँ कि संस्थान सदैव सकारात्मक रूप से प्रगति करता रहे और अपने संगम–ज्ञापन (एमओए) में निहित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अग्रसर रहे।

शशिप्रभा कुमार
अध्यक्ष, सोसाइटी
एवं
शासी निकाय

निदेशक की कलम से

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान की अकादमिक उत्कृष्टता के खोज में 'वार्षिक प्रतिवेदन 2021–22' एक और सफल वर्ष का योजन करता है। संस्थान वर्षों से मौलिक अवधारणाओं के अन्वेषण में श्रेष्ठ विद्वानों को सक्षम बनाने के अपने मूल उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध रहा है ताकि ज्ञान के क्षितिज का और विस्तार किया जा सके।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला एक ऐसी संस्था है जहां विविध विषयों के विद्वान देश व दुनिया से अध्ययन करने आते हैं। वे यहाँ प्रेरक और मौलिक विचारों के अन्वेषण तथा विविध विषयों पर परस्पर विमर्श व परिचर्चाओं में भाग लेते हैं।

संस्थान के प्रतिष्ठित अध्येतावृति कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्वान अपनी परियोजनाओं पर संस्थान में रहकर एक या दो वर्ष के लिए शोधकार्य करते हैं और परिणामस्वरूप अपने मोनोग्राफ संस्थान में प्रकाशन के लिए जमा करवाते हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि संस्थान द्वारा इस प्रतिवेदन की अवधि के दौरान कई पुस्तकें और पत्रिकाएं प्रकाशित की गई हैं। इस दौरान अपना कार्यकाल पूरा करने वाले लगभग सभी अध्येताओं ने मोनोग्राफ जमा किए हैं। संस्थान द्वारा आमंत्रित विभिन्न अकादमिक विषयों से जुड़े अतिथि प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों और अतिथि विद्वानों के आगमन से गहन अकादमिक सहभागिता के लिए एक गुंजायमान वातावरण का निर्माण हुआ है। मूल अकादमिक समुदाय के अलावा, इस अवधि के दौरान देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के कई शिक्षकों का उनकी शोध गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए मानविकी एवं सामाजिक विज्ञानों के लिए 'अंतर–विश्वविद्यालय केन्द्र' (आईयूसी) के तहत चयन किया गया। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि संस्थान ने बड़ी संख्या में संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया है, जिनका इस प्रतिवेदन में उल्लेख है।

संस्थान का पुस्तकालय मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में हमारे देश में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। मुझे बहुत खुशी है कि पुस्तकालय की कई दुर्लभ पुस्तकों का अंकरूपण किया जा चुका है। पुस्तकालय और अन्य अनुभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के कुशल कामकाज से संस्थान के संस्थापक महान दार्शनिक और शिक्षाविद भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, प्रोफेसर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सपनों को साकार करने में हम अग्रसर हुए हैं।

मैं संस्थान की शासी निकाय की अध्यक्षा एवं सोसाइटी की प्रधान प्रोफ़ेसर शशिप्रभा कुमार को उनके बहुमूल्य सुझावों, सहयोग तथा संस्थान के प्रभावी कामकाज में गहन रूचि दिखाने के लिए धन्यवाद देता हूँ। साथ ही मैं संस्थान के उपाध्यक्ष प्रोफ़ेसर शैलेंद्र राज मेहता का भी संस्थान के प्रति उनके सतत समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

संस्थान के सुचारू संचालन हेतु निरंतर समर्थन व सहयोग के लिए मैं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी साधुवाद देता हूँ।

नागेश्वर राव
निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास शिमला-171005

परिचय

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान की स्थापना वर्ष 1860 के समिति पंजीकरण अधिनियम–21 (पंजाब संशोधित अधिनियम 1957) के अन्तर्गत 6 अक्तूबर 1964 को हुई थी। शिमला स्थित राष्ट्रपति निवास में यह संस्थान मूलतः मानवीय महत्व और सामाजिक विज्ञानों के गहन सैद्धान्तिक शोध के लिए समर्पित है। संस्थान के अकादमिक समुदाय में मुख्यतः रिहायशी अध्येता, अतिथि प्राध्यापक, अतिथि विद्वान तथा सह–अध्येता होते हैं जो अपना शोध–कार्य करने के अतिरिक्त परस्पर औपचारिक व अनौपचारिक विचार–विनिमय भी करते हैं। राष्ट्रपति निवास तथा इसकी परिसम्पदा प्रकृति के सुरम्य वातावरण में चिन्तनशील उच्च अध्ययन तथा मानवीय दशा के विभिन्न पहलुओं के अन्वेषण हेतु प्रेरक है।

संस्थान का संगम–ज्ञापन विभिन्न क्षेत्रों में शोध का मार्ग प्रशस्त करता है, जो निम्न प्रकार है–

(क) शोध के क्षेत्र ऐसे होने चाहिए जो अंतर्विधात्मक अनुसंधान का उन्नयन करें।

(ख) अनुसंधान की विषय–वस्तु गहन मानवीय महत्त्व की होनी चाहिए।

संगम–ज्ञापन में अध्ययन के विभिन्न क्षेत्र भी दर्शाए गए हैं जो इस प्रकार हैं–

(क) सामाजिक राजनैतिक और आर्थिक दर्शन;

(ख) तुलनात्मक भारतीय साहित्य (जिसमें प्राचीन मध्यकालीन, आधुनिक, लोक और आदिवासी–साहित्य भी हो);

(ग) दर्शन और धर्म का तुलनात्मक अध्ययन;

(घ) शिक्षा, संस्कृति और कला, जिसमें निष्पादन कलाएँ और हस्तशिल्प भी हों;

(ङ) तर्क और गणित की मौलिक अवधारणाएँ एवं समस्याएँ;

(च) प्राकृतिक और जीवन विज्ञानों की मौलिक अवधारणाएँ और समस्याएँ;

(छ) प्राकृतिक और सामाजिक पर्यावरण का अध्ययन;

(ज) एशियाई पड़ोसी देशों तथा विश्व के संदर्भ में भारतीय सभ्यता, और

(झ) राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में समसामायिक भारत की समस्याएँ।

संगम ज्ञापन के अनुसार निम्न विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए–

(क) विविधता में भारतीय एकता का विषय;

(ख) भारतीय चेतना का एकीकरण;

(ग) भारतीय प्ररिप्रेक्ष्य में शिक्षा का दर्शन;

(घ) प्राकृतिक विज्ञानों में उच्च अवधारणाएँ तथा उनके दार्शनिक पहलु;

(ङ) विज्ञान और अध्यात्म के संश्लेषण में भारत और एशिया का योगदान;

(च) भारतीय तथा मानव एकता;

(छ) भारतीय साहित्य का सहचर;

(ज) भारतीय महाकाव्यों का तुलनात्मक अध्ययन; तथा

(झ) मानव पर्यावरण

संचालन एवं प्रशासन

संस्थान एक सोसाइटी तथा शासी निकाय द्वारा प्रशासित किया जाता है जिसके सदस्य शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नामित किए जाते हैं जो लब्धप्रतिष्ठित विद्वान तथा अन्य पेशेवर विख्यात व्यक्तित्व होते हैं जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों से चयनित किया जाता है। संस्थान की एक वित्त समिति है जिसमें शिक्षा मंत्रालय के सदस्यों के अतिरिक्त संस्थान की प्रबन्ध समिति के सदस्य भी होते हैं, जो प्रबन्ध समिति को वित्तीय मामलों में परामर्श देते हैं।

समीक्षा अवधि में फरवरी 2022 तक प्रोफ़ेसर कपिल कपूर शासी निकाय तथा सोसाइटी के अध्यक्ष थे तत्पश्चात प्रोफ़ेसर शशिप्रभा कुमार को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

संस्थान का नेतृत्व निदेशक करते हैं जिन्हें संस्थान के सचिव प्रशासिनक मामलों में सहयोग प्रदान करते हैं। संस्थान की एक अकादमिक समिति है जो अकादमिक मामलों में निदेशक को परामर्श देती है। इसके अलावा पुस्तकालय अध्यक्ष, लेखा अधिकारी, सम्पदा निरीक्षक, अकादमिक संसाधन अधिकारी, सहायक प्रकाशन अधिकारी, बिक्री एवं जनसंपर्क अधिकारी, अनुभाग अधिकारी (उद्यान), अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) तथा अनुभाग अधिकारी (आ. एवं से.) जैसा पर्यवेक्षीय स्टाफ है जो विभिन्न अनुभागों का नेतृत्व करते हैं। समीक्षा अवधि के दौरान अगस्त 2021 तक प्रोफ़ेसर मकरंद आर. परांजपे संस्थान के निदेशक थे। तत्पश्चात संस्थान की सोसाइटी तथा शासी निकाय के उपाध्यक्ष प्रोफ़ेसर चमन लाल गुप्त ने निदेशक का कार्यभार संभाला।

अध्येता

संस्थान अपने अध्येतावृति कार्यक्रम के लिए विश्व विख्यात है। राष्ट्रीय अध्येता, टैगोर अध्येता और अध्येता संस्थान में रहकर अपनी चयनित शोध परियोजनाओं पर अनुसंधान करते हैं। वे अपने शोधकार्य की प्रगति से संबंधित संगोष्ठियाँ प्रस्तुत करते हैं, संस्थान द्वारा आयोजित दूसरे सम्मेलनों में भाग लेते हैं और बड़े पैमाने पर संस्थान के अन्य अकादमिक कार्यक्रमों में भी अपना योगदान देते हैं। अध्येतावृति पूर्ण होने पर, अध्येता अपने शोधकार्य और मोनोग्राफ को संस्थान में जमा करते हैं, जिन्हें समालोचना के उपरांत संस्थान द्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रतिवेदनाधीन वर्ष में अध्ययनरत अध्येताओं तथा उनकी शोध परियोजनाओं का विवरण निम्न प्रकार है–

राष्ट्रीय अध्येता

क्रमांक	अध्येता का नाम	परियोजना शीर्षक
1.	प्रोफेसर मेधा देशपाण्डे	*पावर्टी : कॉन्सेप्ट, मैपिंगस एण्ड पॉलिसीज*
2.	प्रोफ़ेसर दाता राम. पुरोहित	*परफॉर्मिंग आर्टस एण्ड कल्चर ऑफ द सेंट्रल हिमालय*
3.	प्रोफ़ेसर शंकर शरण	*रिन्यूअल ऑफ़ इंडियन एजुकेशन : टीचिंग ऑफ स्वामी विवेकानंद, श्री औरोबिन्दो, रबीन्द्रनाथ टैगोर एंड सच्चिदानन्द वातस्यायन ('अज्ञेय')*

4.	प्रोफ़ेसर हरपाल सिंह	*लाइफ एण्ड लैगेसी ऑफ महाराजा रणजीत सिंह*
5.	प्रोफ़ेसर आनंद कुमार	*पद्मावत : हिस्ट्री फिलॉस्फिकल क्रिटीक*

टैगोर अध्येता

1.	प्रोफ़ेसर सी.के. राजू	*गणित वर्सेज फॉर्मल मैथमैटिक्स : रि–एग्ज़ामिनिंग मैथमैटिक्स, इट्स पैडगोज़ी, एण्ड द इम्पलिकेशन फॉर द साइंस*
2.	डॉ. विक्रम कुलकर्णी	*महाभारत की घुमंतू जनजातियों की दृश्यकला परंपरा : एक सांस्कृतिक अध्ययन*
3.	प्रोफ़ेसर महेश चंपक लाल	*रिविजिटिंग महाभारता : एन एनाल्टिकल एण्ड कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ महाभारता करेक्टस एज डिपिक्टड बाई व्यास, भास एण्ड टैगोर विद स्पेशल रेफरेंस टू द टैक्स्ट एण्ड परफॉर्मेंस ऑफ भासाज प्लेस एण्ड टैगोरज ड्रामेटिक पोयम्स (नाट्यकाव्य)*
4.	प्रोफ़ेसर आनंद कुमार	*पद्मावत : हिस्ट्री फिलॉस्फिकल क्रिटीक*

अध्येता

1.	प्रोफेसर एस.के. चहल	*हिन्दू सोशल रिफॉर्म : ए स्टडी ऑफ द फ्रेमवर्क ऑफ जोतिराव फुले*
2.	डॉ. पवित्रन नाम्बियर	*कल्चर, करप्शन एण्ड इन्सर्जेंसी : थ्रेटस एण्ड क्वेस्ट फॉर सर्वाइवल इन नागालैण्ड*
3.	प्रोफ़ेसर राजवीर शर्मा	*पॉलिटिकल फिलॉसफी ऑफ कौटिल्य : द अर्थशास्त्र एण्ड आफ्टर*
4.	डॉ. अभिषेक कुमार यादव	*ट्राइब्स ऑफ अरुणाचल प्रदेश एण्ड देयर लिटरेसी राइटिंग इन हिन्दी*
5.	डॉ. अँजलि दुहन	*एडिफाइंग द रॉयल्टी : द्वादशा भावा– ए मुगल वर्जन ऑफ संस्कृत स्टोरी*
6.	डॉ. सुमनदीप कौर	*इकलॉजिकल कनसर्नस इन सलेक्ट पंजाबी फिक्शन*
7.	प्रोफेसर माधव सिंह हाडा	*पद्मिनी विषयक ऐतिहासिक कथा–काव्य की देशज परम्परा का विवेचनात्मक अध्ययन*
8.	डॉ. मुहम्मद आदिल सलाम	*इण्डिया इन कंटेम्परेरी अरेबिक लिटरेचर*
9.	डॉ. बलराम शुक्ल	*प्राकृत कविता के चारुत्व के भाषिक प्रयोजक*
10.	डॉ. अल्का त्यागी	*भावना (क्रिएटिव कंटेम्पलेशन) एण्ड भैरवा (सुपर रियल्टी) इन द विजननभैरवा तंत्रा इन कश्मीरी शैवा ट्रेडिशन*
11.	डॉ. वैनुसा टिन्यी	*एन एन्क्वेरी इनटू द फाउंडेशन ऑफ डोंटिक लॉजिक : प्रोब्लमलटाइ. जिंग क्रिप्केज पॉस्सिबल वर्ल्ड सीमेंटिंक्स फॉर डोंटिक लॉजिक एण्ड फ्रेमिंग एन अल्टरनेटिव मॉडल फॉर रीथिंकिंग द बेसिक कॉन्सेप्टस ऑफ डोंटिक लॉजिक एण्ड देयर काउंटरपार्टस इन अदर नॉर्मेटिव सिस्टमस*
12.	डॉ. सुमित दहिया	*वुमेन सिंगरस ऑफ राजस्थान : आर्ट, पैट्रोनेज एण्ड कम्युनिटी लाइफ*
13.	डॉ. प्रेरणा चतुर्वेदी	*राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ और मीडिया*
14.	डॉ. आलोक कुमार गुप्ता	*19वीं सदी के गुजराती और हिन्दी साहित्य में भारतीय चेतना*

15.	डॉ. अज़ीज माहदी	*कॉमन रूट्स ऑफ हेरिटेज : ए रिसर्च ऑन सीमिलरिटीस प्रेजेंट बिटवीन रामायण, महाभारत एण्ड भाहनामे (ऑफ फिरदौसी)*
16.	प्रोफ़ेसर रविंद्र सिंह	*रिलोकेटिंग पंजाबी लिटरेरी ट्रैडिशन इन जियो–कल्चरल एण्ड सिवलिजेशनल कंटेक्स्ट*
17.	प्रोफेसर चुंगखम यशवता सिंह	*ए हिस्ट्री ऑफ मणिपुरी लैंग्वेज*
18.	प्रोफेसर माण्डवी सिंह	*कथक डांस ट्रैडिशन : चेंजिस एण्ड चैलेंजिस इन प्रेजेंट सिनेरीओ*
19.	डॉ. अल्पना त्रिवेदी गिरी	*भौगोलिक दृष्टिकोण से महाभारत का विसंकेतन*
20.	डॉ. अंजू शर्मा	*वुमेन इम्पॉवरमेंट पॉलिसीस एण्ड परस्पैक्टि पोस्ट 2014*
21.	डॉ. सिद्धार्थ सत्पथी	*प्रोविन्सिअल विक्टोरिअनस : पावर, कॉट्रेक्ट एण्ड कैपिटल इनइ कलोनिअल इण्डिया*

अकादमिक कार्यक्रम

संस्थान में प्रत्येक वर्ष कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ, सम्मेलन विचार गोष्ठियां, समकालीन प्रासंगिकता के विषयों अथवा मौलिक सैद्धांतिक महत्व पर आधारित अध्ययन सप्ताह आयोजित किए जाते हैं जिनमें दुनिया भर के प्रतिष्ठित विद्वान भाग लेते हैं।

समीक्षा अवधि के दौरान संस्थान द्वारा निम्नलिखित अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए गए–

1. **फ्लेम विद्यापीठ, पुणे के सहयोग से श्रेणियों के साम्राज्यवाद से बाहर शृंखला में 'न्यू डायरेक्शनस इन इण्डिक स्टडीज' विषय पर दूसरा अंतः विषय सम्मेलन** (12–13 मई 2021)

मूलाधार– अमेरिकन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन की वार्षिक बैठक (2005) में अपने अध्यक्षीय भाषण में, सुसैन रूडोल्फ ने कहा था–

लॉयड रूडोल्फ और मैंने ''भारत में अपने शोध के आरंभ में, 'श्रेणियों का साम्राज्यवाद' एक मुहावरा गढ़ा था। उसका अर्थ था कि दूसरे पर अवधारणाओं को थोपने की अकादमिक प्रथा को निर्दिष्ट करना तथा एक प्रमुख संबंध के हिस्से के रूप में अवधारणाओं को बाहर ले जाना। एक प्रभावशाली सामाजिक–सांस्कृतिक वातावरण में निर्मिति श्रेणियों को गौण तक ले जाया जाता है। श्रेणियों का साम्राज्यवाद श्रेणियों के एक निःस्वार्थ पारलौकिकवाद पर जोर देता है– एक प्रमुख संस्कृति के विद्वानों को कभी–कभी केंद्र माना जाता है, वे एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन करते हैं, जिसे कभी–कभी परिधि भी कहा जाता है, जहां वे 'सार्वभौमिक' अवधारणाओं को प्रयोग में लाते हैं। समस्या यह है कि अवधारणाओं को केंद्र से बाहर कर दिया गया है। मैक्स वेबर कहते हैं, पूर्व भाग्यवादी है और पश्चिम उत्पत्तिमूलक। टैल्कॉट पार्सन्स कहते हैं, गैर–पश्चिम जन्म से स्थिति बताता है जबकि पश्चिम उपलब्धि पर बल देता है। जॉन स्टुअर्ट मिल कहते हैं कि गैर–पश्चिम बच्चों की तरह है, जबकि पश्चिम परिपक्व है। प्रभावशाली व्यक्ति स्तर और सांस्कृतिक–सामाजिक प्रभुत्व को नियंत्रित करने के लिए आदर्श और रूढ़िवादिता का उपयोग करते हैं।

रूडोल्फ ने कहा कि वैश्वीकरण यूरोपीय ज्ञान प्रणालियों में समाया हुआ है। रूडोल्फ की बोधगम्य टिप्पणियों के अठारह वर्षों में, ज्ञान उत्पादन का विऔपनिवेशीकरण दुनिया के पूर्व उपनिवेशित हिस्सों – अफ्रीका, एशिया और प्रशांत द्वीपों सहित, मोटे तौर पर वैश्विक दक्षिण में शोध में एक केंद्रीय मुद्दे के रूप में उभरा है। इन विश्व क्षेत्रों का अध्ययन करने में, अपने ज्ञान प्रणालियों को पुनः प्राप्त करने के लिए कई पद्धतियों का विकास किया जा रहा है, जिसमें व्यापक क्षेत्रों को शामिल किया गया है और स्वदेशी जनता के बीच पारंपरिक तरीकों से संरक्षित किया गया

है। पुरानी पांडुलिपियों, मौखिक साहित्य, प्रदर्शनों, पारंपरिक खाद्य पदार्थों, चिकित्सा, खेती के तरीकों और वास्तुकला के अध्ययन ने विभिन्न मनुष्यों द्वारा संरक्षित मूल्यवान ज्ञान पर हमेशा के लिए खो जाने के खतरे पर प्रकाश डालना शुरू कर दिया है। इस वातावरण में, अक्सर, औपनिवेशिक काल से गैर–देशी विद्वानों द्वारा अर्जित ज्ञान और स्वदेशी श्रेणियों और विधियों का उपयोग करके देशी विद्वानों द्वारा उत्पादित ज्ञान को वैधता और प्रासंगिकता के दावों में पूरक के रूप में देखा जाता है।

स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को पुनः प्राप्त करने के लिए नई पद्धतियों की उपलब्धियों की गहराई से सराहना करते हुए, जैन धर्म के अनेकांतवाद (बहुपक्षीयता) के सिद्धांत का पालन करते हुए, इस सम्मेलन का उद्देश्य विमर्श में ज्ञान की दो धाराओं को शामिल करते हुए भारतीय अध्ययनों में एक नई दिशा की रूपरेखा तैयार करना था। भारतीय अध्ययनों का वर्तमान दृश्य संकेत करता है कि व्यापक मान्यता है कि प्राचीन भारत में विकसित ज्ञान प्रणालियों का विश्व में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है। फिर भी, अभी तक शिक्षा जगत में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। भारतीय ज्ञानशास्त्रीय मॉडल से संबंधित कई पूर्व उपनिवेशित विश्व क्षेत्रों के अध्ययन में विऔपनिवेशीकरण की दिशा में एक बदलाव के बावजूद, ज्ञान के विऔपनिवेशीकरण पर चर्चा करते हुए अपनी संपादकीय टिप्पणी में सुनील अमृत द्व ारा *अमेरकिन हिस्टॉरिकल रिव्यू* के अंक में उपयोग किए गए 'अपर्याप्त समावेशन' उपयुक्त शब्द का प्रयोग किया है। मेक्सिको के प्रांतीय समाजशास्त्र की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए एक निबंध में, एडगर जेड पेलायो ने देखा है कि अध्ययन के इस क्षेत्र में सार्वभौमिक के रूप में प्रमुख परिप्रेक्ष्य के विशेषाधिकार को समाप्त करने के उदार प्रयासों के बावजूद, मैक्सिकन श्रेणियां ''द एपिस्टेमिक अदर : इन द शैडोज'' बनी हुई हैं। भारतीय अध्ययनों का संदर्भ समान है, जो एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठाता है कि भारतीय अध्ययनों का अकादमिक परिदृश्य कैसा होगा, यदि विद्वानों के कार्य जिनका ज्ञान और पद्धति भारतीय परंपराओं में निहित है और वे ऐसे विद्वानों के कार्यों पर विमर्श कर रहे हैं जिन्होंने परिधि के रूप में नहीं बल्कि बराबर के रूप में पद्धतियों तथा श्रेणियों पर आधारित यूरोपीय ज्ञान अजित किया है? इस सम्मेलन में इस तरह विमर्श को सुविधाजनक बनाने का एक प्रयास किया गया जो भारतीय अध्ययन में एक नई दिशा को दर्शाता है।

उद्देश्य

भारत के बाहर उत्पादित भारतीय ज्ञान धाराओं के साथ विमर्श में भारतीय परंपराओं को केन्द्र में रखकर हम दूसरा पुनर्जागरण प्राप्त कर सकते हैं। सम्मेलन के निम्नलिखित उद्देश्य थे–

- भारतीय सभ्यता के लंबे इतिहास में उत्पादित ज्ञान की समावेशिता को सुनिश्चित कर वैश्वीकरण की प्रक्रिया का बहुलीकरण करना।
- ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय दृष्टिकोणों की जटिलता और विविधता पर ध्यान केंद्रित करना जो अन्य ज्ञान प्रणालियों में समानताएं हासिल कर सकते हैं।
- सिल्क रूट, बौद्ध धर्म, उपनिवेशवाद और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के माध्यम से अन्य सभ्यताओं, विशेष रूप से अर्थव्यवस्थाओं और संस्कृतियों में भारतीय योगदान की सैद्धांतिक समझ विकसित करना।
- भारतीय ज्ञान प्रणालियों और ज्ञान की अन्य प्रणालियों के बीच विमर्श से वैश्विक मुद्दों जैसे पर्यावरण, धार्मिक विविधता के प्रति दृष्टिकोण, स्त्री रोग विज्ञान, मनोविज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी मुद्दों के समाधान और विकल्पों का अन्वेषण करना।

सम्मेलन का उद्घाटन सत्र भारतीय और अमेरिकी विद्वानों के बीच विचार–विमर्श पर आधारित था, जिसमें भारतीय और अन्य दृष्टिकोणों पर चर्चा की गई। अतिथि विद्वानों ने विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए और अपने

ज्ञान और अनुभवों को छात्रों, शिक्षकों और व अन्य प्रतिभागियों के साथ साझा किया। इस बहु–विषयक संगोष्ठी से भारतीय सभ्यता के बारे में और अधिक जानकारी हमारे सामने आई। इस सम्मेलन में विद्वानों को भारतीय अध्ययन के लिए एक मंच उपलब्ध हुआ जहां उन्होंने अन्य विद्वानों की व्याख्यान प्रस्तुतियों और परिचर्चाओं से सीखने के साथ–साथ अपने शोध निष्कर्षों को भी साझा किया। इसके अलावा भावी पीढ़ी, विशेषकर महाविद्यालयों के छात्रों में भारतीय अध्ययन के प्रति बौद्धिक रुचि पैदा करने के लिए भी यह सम्मेलन एक महत्त्वपूर्ण अवसर साबित हुआ। अंततः कहा जा सकता है कि यह सम्मेलन सभी क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों के लिए था जोकि सार्वजनिक एकीकरण की पहल का एक महत्त्वपूर्ण घटक था। वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान की वर्तमान धारणाओं को के साथ एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला और फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे ने सिस्को वेबएक्स माध्यम से 12–13 मई 2021 को बियॉन्ड इंपीरियलिज्म ऑफ कैटेगरीज की श्रृंखला में 'न्यू डायरेक्शन इन इंडिक स्टडीज' विषय पर दूसरा अंतःविषय सम्मेलन आयोजित किया। फ्लेम विश्वविद्यालय की इंडिक स्टडीज इनिशिएटिव, के प्रमुख प्रोफेसर पंकज जैन इस सम्मेलन के संयोजक थे। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मकरंद आर. परांजपे ने इस अवसर पर स्वागत भाषण दिया। नालंदा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुनैना सिंह ने उद्घाटन उद्बोधन दिया। सम्मेलन के संयोजक प्रोफेसर पंकज जैन ने परिचयात्मक टिप्पणी दी। कोलंबिया विश्वविद्यालय के धर्म विभाग में प्राध्यापक प्रोफेसर रॉबर्ट थुरमैन इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता थे, उन्होंने 'संस्कृत बौद्ध धर्म' पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

प्रतिभागी

- प्रोफेसर रॉबर्ट थुरमन, धर्म विभाग, कोलंबिया विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर केटीएस सराव, दिल्ली विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर विनोद विदवान, फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
- प्रोफेसर भारत गुप्त, आईजीएनसीए
- प्रोफेसर बालगणपति देवरकोंडा, दिल्ली विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर लावण्या वेमसानी, शॉनी स्टेट यूनिवर्सिटी
- प्रोफेसर क्रिस चौपल, लोयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी
- प्रोफेसर जेफरी डी लॉन्ग, एलिजाबेथटाउन कॉलेज
- प्रोफेसर देवेन पटेल, पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर फ्रेडरिक एम स्मिथ, यूनिवर्सिटी ऑफ आयोवा
- प्रोफेसर अंकुर बरुआ, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर मधु खन्ना, जामिया मिलिया इस्लामिया
- प्रोफेसर अदारासुपल्ली नटाराजू, असम केंद्रीय विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर विराज शाह, फ्लेम यूनिवर्सिटी
- प्रोफेसर श्रीनिवासन कृष्णामूर्ति, विवेकानंद कॉलेज

सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों ने निम्नलिखित विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए–

सत्र–1

- प्रोफेसर रॉबर्ट थुरमन : *संस्कृत बुद्धिज्म*
- प्रोफेसर केटीएस साराओ : *विक्टोरियन इंडोलॉजिस्ट एण्ड अनागारिका धर्मपाल इन महाबोधि टैम्पल कंट्रोवर्सी*

सत्र–2

- प्रोफेसर विनोद विदवान : *इण्डिय म्यूज़िक : रेट्रोस्पेक्ट एण्ड प्रोस्पेक्ट*
- प्रोफेसर भरत गुप्त : *नाट्य शास्त्रा : पास्ट एण्ड प्रेजेंट*

सत्र–3

- प्रोफेसर बालगणपति देवरकोंडा : *हिस्ट्री ऑफ इण्डियन फिलॉस्फी : अनैलिसिस ऑफ कंटेम्परेरी अंडरस्टैण्डिंग ऑफ क्लासिकल थ्रू कलोनिअल*
- प्रोफेसर लावण्या वेमसानी : *न्यू हिस्ट्रोरियोग्राफी फॉर न्यू एकेडिमी*

सत्र–4

- प्रोफेसर क्रिस चैप्पल : *जैन स्टडीज इन द ग्लोबल एकेडमी*
- प्रोफेसर जेफ़री डी लॉन्ग : *प्रैक्टिकल अनेकांतवेदा : ए जैन कंट्रीब्यूशन टू ग्लोबल सिवलिजेशन*

सत्र–5

- प्रोफेसर देवेन पटेल : *व्हाट इज ए ''कम्मेटरी' ऑन संस्कृत काव्य?*
- प्रोफेसर फ्रेडरिक एम स्मिथ : *द कैटगरी ऑफ द सेंटर : ब्रिंगिंग टूगेदर फॉरेस्ट एण्ड विपेज इन वैदिक रिचुअल*

2. 'आत्मनिर्भर भारत : वैचारिक स्वराज्य की ओर' विषय पर वार्षिक एकीकरण सम्मेलन (18–20 जून 2021)





मूलाधार– भारत को एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिग्रहण, वृद्धि, गुणवत्ता अनुसंधान, नवाचार, रचनात्मकता और विचारों की मौलिकता के माध्यम से ज्ञान की स्वतंत्र खोज की ओर बढ़ने पर बल देने की आवश्यकता नहीं है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को पहली बार मई 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गढ़ा गया था, हालांकि भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के दिनों से ही इसे स्वदेशी आंदोलन की अवधारणा में निहित किया गया था। महामारी कोविड–19 ने भारत की अर्थव्यवस्था और समाज को पूरी तरह से तहस–नहस कर दिया, जिससे

लोगों की नौकरियां चली गईं, विकास दर में तेजी गिरावट आई, बुनियादी ढांचा– भौतिक, सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक – गंभीर तनाव और चरमरा गया। प्रधानमंत्री का आह्वान देश को उस भयानक आपदा से उबारने का एक तरीका था, जिससे हम गुजर रहे थे।

भारत को बहुत सी प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं, जिनमें कोरोना, म्यूकोर्मिकोसिस, चक्रवात आदि जैसी प्रतिकूलताएँ परिस्थितियां शामिल हैं, उन चुनौतियों का सामना करने के लिए एक तेजी से बहाली की आवश्यकता थी और जो अभी भी है। इस संदर्भ में स्वदेशी बौद्धिक और आर्थिक संसाधनों के सृजन, उपयोग और परिवहन के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में वैचारिक स्वराज्य प्राप्त करने के लिए एक लंबी कूद सबसे महत्त्वपूर्ण है। दूसरों पर हमारी निर्भरता को कम करने का अर्थ भले ही वैश्विक विचारों और दर्शन से कटना न हो।

यह वैचारिक स्वराज्य बाहरी दुनिया के लिए अपनी खिड़कियां बंद करने का प्रस्ताव नहीं करता है। यह निहित है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय ज्ञान के खजाने की खोज, पुनर्खोज और पुनर्मान्यता ने तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में एक नया महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। ऐसे वातावरण में भारत न सिर्फ अपनों के कल्याण का पथप्रदर्शक बन सकता है, बल्कि दुनिया को एक आशा की एक नई किरण भी दे सकता है। इसके लिए भारत की ज्ञान प्रणाली पर फिर से विचार करने और उसे फिर से सत्यापित करने की आवश्यकता है ताकि एक नए आत्मविश्वास, प्रगतिशील, ऊर्जावान भारतीय राष्ट्र का निर्माण किया जा सके और मानव, सांस्कृतिक और आर्थिक स्वतंत्रता की नई ऊंचाइयों और पैमानों को भी स्थापित किया जा सके।

संगोष्ठी में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई–

स्वराज्य एक आदर्श के रूप में

आधुनिक राजनीतिक चिंतन के विमर्श में भारत के महान योगदानों में से एक स्वराज्य या स्वराज की अवधारणा है। राजनीतिक दृष्टि से हम पूछ सकते हैं कि स्वराज शब्द क्या है? यह एक बहुत पुराना शब्द है, जिसका संबंध वैदिककाल से है, लेकिन उन्नीसवीं शताब्दी में आधुनिक भारत की शब्दावली में इसका रूप उभरकर सामने आया। जब स्वतंत्रता संग्राम ने एक निश्चित गति प्राप्त करना शुरू की, तो दादाभाई नौरोजी, लोकमान्य तिलक, श्री अरबिंदो, महात्मा गाँधी और कई अन्य नेताओं ने स्वराज शब्द का प्रयोग किया। वर्ष 1909 में जब गाँधीजी ने 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक लिखी उसी वर्ष वीर सावरकर ने 'द इण्डियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस 1857' नामक पुस्तक लिखी। इन सभी दूरदर्शी नेताओं ने स्वराज शब्द का प्रयोग अंग्रेजों से राजनीतिक स्वतंत्रता को दर्शाने के लिए किया। लेकिन व्युत्पत्ति के अनुसार, शब्द का अर्थ इससे कहीं अधिक है। दरअसल 'स्वराज' संस्कृत शब्द स्वराज्य का संक्षिप्त रूप है, जो एक भाववाचक संज्ञा है। जब यह एक व्यक्ति के लिए लागू होता था, तो शब्द स्वरत, एक विशेषण के लिए होता था। यह एक ऐसा शब्द है जिसका वर्णन छांदोग्य, तैत्तिरीय और मैत्री उपनिषदों में आता है।

सिर्फ भारत में ही राजनीतिक स्वतंत्रता को प्रबुद्धता, आत्म–प्रबोधन के रूप में अभिव्यक्त किया गया था, उसका संबंध केवल राजनीतिक स्वायत्तता, उपनिवेशवादियों या साम्राज्यवादियों के विरोध से ही नहीं था। स्वराज्य, तो पूर्णता, पूर्ण सरकारीता का सिद्धांत है क्योंकि उजाला आंतरिक व्यवस्था से आता है, दमन से नहीं। मूलतः स्वराज्य से अभिप्रायः एक व्यक्ति की आंतरिक सरकार, विभिन्न अवयवों की सरकार और मतों, संस्थानों, व्यक्ति के सभी विभिन्न घटकों की सरकार से है। जब यह अच्छी तरह से प्रशासित होने लगता है, तो एक व्यक्ति जो खुद शासन कर सकता है वह एक सेवक बन जाता है। इसलिए स्वराज्य एक स्वशासन या स्वसरकार है।

स्वाधीनता, स्वतंत्रता और स्वावलंबन के पर्याय के साथ स्वराज आंतरिक रोशनी और आत्म–साक्षात्कार के लिए कई संभावनाओं का सुझाव भी देता है। एक का स्वराज ही दूसरों की मदद कर सकता है और दूसरों के स्वराज

में योगदान दे सकता है। स्वराज में व्यक्ति और राजनीतिक विलय हो जाते हैं, वे एक दूसरे के पूरक बन जाते हैं। स्वराज की भावना इसमें निहित है कि जब तक मेरे सभी भाई–बहन आज़ाद नहीं होंगे तब तक मैं आज़ाद नहीं हो सकता और जब तक मैं आज़ाद नहीं हो सकता तब तक वे आज़ाद नहीं हो सकते। स्वराज हमें बिना किसी घृणा और हिंसक विरोध के उत्पीड़न का विरोध करने की स्वीकृति प्रदान करता है। गाँधीजी ने भारत के निहत्थे और गरीब लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए सत्याग्रह या सत्य या सत्य–बल पर जोर देने की प्रथा विकसित की है।

विचारों में स्वराज्य : विचार, संस्कृति एवं चुनाव की स्वतंत्रता में स्वायत्तता के रूप में

स्वराज के विचार का भारतीय विचार और संस्कृति के कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रभाव पड़ा। 1928 में, भारत के प्रमुख दार्शनिकों में से एक, कृष्ण चंद्र भट्टाचार्य ने 'विचारों में स्वराज' नामक एक व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रासंगिक प्रश्न उठाया कि क्या हमने राजनीतिक स्वतंत्रता की खोज के साथ–साथ मतों और विचारों में स्वायत्तता प्राप्त की है। भट्टाचार्य का विचार था कि अगर चेतना की ऐसी मुक्ति हासिल करनी है तो भारतीय बुद्धिजीवियों को बहुत अधिक मेहनत करनी होगी। कई दशकों बाद, उनके निबंध को *इण्डियन फिलॉसफी क्वार्टरली* (अक्तूबर–दिसंबर 1984) के एक विशेषांक 'स्वराज इन आइडया' शीर्षक से पुनः प्रकाशित किया गया। कई उत्कृष्ट दार्शनिकों और विचारकों ने इस विषय पर बहस की और उनकी प्रतिक्रियाएँ भी उसी पत्रिका में 'भारतीय मस्तिष्क को उपनिवेशित करने के अवयव और साधन' विषय के रूप में प्रकाशित हुईं। इसे पाँच स्तरों पर प्राप्त किया जा सकता है–

पहला स्तर वह स्तर है जिसे कोड कहा जा सकता है। यह विचारधारा, मानसिकता या पद्धति के चालकों को संदर्भित करती है। हम कोड कैसे बदल सकते हैं? सबसे पहले यह समझने की कोशिश करनी होगी कि यह भारतीय मन अपनी बहुलता के साथ क्या है। और ऐसा करने के लिए आपको यह समझने की कोशिश करनी होगी कि हमारी परंपराएं क्या हैं? क्योंकि औपनिवेशीकरण और विऔपनिवेशीकरण की सभी चर्चाएँ भारत के निर्माण और भारतीय अतीत के साथ–साथ 'पश्चिम' के निर्माणों पर भी टिकी हैं।

संहिता के स्तर पर, विचारधारा के स्तर पर, मन के स्तर पर, हमें बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। हमें यह भी देखने की जरूरत है कि हमारे उपकरण क्या हैं और पुनः प्राप्ति की क्या संभावनाएं हो सकती हैं। क्योंकि जब आप गहराई में जाते हैं कि परंपराओं का क्या मतलब है, तो आपको एक निश्चित ऐतिहासिक संयोजन के भाग की बजाय एक संपूर्ण विश्व और ब्रह्मांडिकी का दृश्य मिलता है।

हमें उन संस्थानों को भी देखना होगा, जो दूसरे स्तर पर होंगे। यदि आप उपनिवेशवाद को समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको उपयुक्त संस्थानों की आवश्यकता होगी। सभी जानते हैं कि हमारे संस्थान बहुत खराब स्थिति में हैं। हमें संस्थागत सुधार की सख्त जरूरत है। उदाहरण के लिए, हमारी विश्वविद्यालय प्रणाली को नया रूप देना होगा। हमें इनमें ढांचागत बदलाव करना होगा क्योंकि ये बहुत बदनाम हो चुके हैं। महज के शब्दों के आदान–प्रदान से उपनिवेशवाद की समाप्ति नहीं होगी। हमें स्थिति को संभालना होगा। हमें जिम्मेदारी लेनी होगी और दोषारोपण की राजनीति नहीं करनी होगी। बदले की भावना से काम करने से कोई लाभ नहीं होगा।

तीसरा स्तर है–सामग्री। यदि हम अपने पाठ्यक्रमों का सदंर्भ लें तो मामला यह इतना स्पष्ट है कि हमें इसे बदलना होगा। यह खुशी की बात है कि ऐसा कई विश्वविद्यालयों में पहले ही हो चुका है। हमें यह पूछने की आवश्यकता है कि वास्तव में हम क्या पढ़ा रहे हैं और क्यों? इस प्रक्रिया को सभी क्षेत्रों और अध्ययन के विषयों में प्रभावित करने की आवश्यकता है। हमारे लक्ष्यों और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सामग्री को लगातार बदलना पड़ता है। हम उस तरह के पाठ्यक्रम को वहन नहीं कर सकते हैं, जो एक समय में लगभग आधी शताब्दी तक स्थिर रहता है, जैसा कि अभी भी भारत में है।

विचारों में स्वराज्य तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता जब तक कि चौथे स्तर पर ध्यान केंद्रित नहीं किया जाता है, अर्थात शिक्षा के माध्यम को उचित मान्यता नहीं दी जाती है। हम केवल अंग्रेजी में विऔपनिवेशीकरण के बारे में बात नहीं रख सकते हैं। ऐसे लोग हैं जो यह तर्क देंगे कि हमें अंग्रेजी भाषा से, पश्चिम से अपने संपर्क से इतना लाभ हुआ है, तो अब इसे क्यों छोड़ दें? विचार अंग्रेजी से छुटकारा पाने का नहीं बल्कि अन्य भारतीय भाषाओं को समान अवसर देने का है। लक्ष्य संस्कृत और अन्य शास्त्रीय भाषाओं को शास्त्रीय संस्कृति, दर्शन और नैतिकता के स्रोत के रूप में पुनर्स्थापित करना भी है।

अंत में, हम इकाई के विचार पर आते हैं वह है– पांचवां स्तर। हमारे लिए विऔपनिवेशीकरण का यह कार्य कौन करने जा रहा है? क्या हम राज्य को देखने जा रहे हैं? बेशक, राज्य महत्त्वपूर्ण है लेकिन क्या हम राज्य के पहल करने का इंतजार करेंगे? क्या स्वतंत्र भारत को बहुत पहले ऐसा नहीं कर लेना चाहिए था? ऐसा क्यों नहीं हुआ? ऐसा क्यों नहीं हो सका? या, वैकल्पिक रूप से, पहल नागरिक समाज से करनी होगी? और अगर यह सभ्य समाज से है, तो उस कहावत से हमारा क्या मतलब है? नागरिक समाज का गठन कौन करता है? क्या अभिजात वर्ग को यह करना होगा? या जनता को करना होगा? संभ्रांत लोगों को अगर भ्रष्ट नहीं तो समझौता करने के लिए जाना जाता है, जबकि जनता अगर अक्षम नहीं है तो वंचित अवश्य है। अंततः जिम्मेदारी हमारी ही है। हम दूसरों के नेतृत्व की प्रतीक्षा नहीं कर सकते; हमें स्वयं ऐसा करना होगा।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान द्वारा 'आत्मनिर्भर भारत : वैचारिक स्वराज्य की ओर' विषय पर 18–20 जून 2021 के दौरान सिस्को वेबेक्स माध्यम से ऑनलाइन राष्ट्रीय एकता सम्मेलन आयोजित किया गया। संस्थान के अध्येता प्रोफेसर राजवीर शर्मा इस सम्मेलन के संयोजक थे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मकरंद आर. परांजपे ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन दिया। सम्मेलन के संयोजक प्रोफेसर राजवीर शर्मा ने परिचयात्मक टिप्पणी की तथा येल विश्वविद्यालय में मैकमिलन सेंटर फॉर इंटरनेशनल अफेयर्स में ग्लोबल जस्टिस फेलो प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने 'रिविज़िटिंग इंडियन डेवलपमेंट मॉडल्स एंड कंटेम्परेरी कनेक्ट्स' विषय पर उद्घाटन भाषण दिया। माननीय राज्य सभा सांसद डॉ. राकेश सिन्हा ने 'डिकलोनाइजेश : व्हेयर डिड वी फेल?' विषय पर मुख्य भाषण दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक एवं द रेखी सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस की सदस्य डॉ. अनुराधा चौधरी, ने विशेष व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री तरूण विजय ने 'डिजिटल कलोनाइजेशन' विषय पर समापन भाषण दिया। सम्मेलन के संयोजक प्रोफेसर राजवीर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्रतिभागी

- प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी, पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान
- प्रोफेसर शशिप्रभा कुमार, संकायाध्यक्ष, श्री शंकराचार्य संस्कृत, महाविद्यालय, भारतीय विद्या भवन, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली
- प्रोफेसर दीप्ति शर्मा त्रिपाठी, पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, भारत सरकार
- श्री जे. नंदकुमार, राष्ट्रीय समन्वयक, प्रज्ञा प्रवाह
- डॉ रतन शारदा, प्रसिद्ध लेखक, स्वतंत्र स्तंभकार और टीवी पैनलिस्ट
- श्री प्रफुल्ल केतकर, संपादक, ऑर्गनाइज़र (साप्ताहिक), भारत की सबसे पुरानी राष्ट्रवादी पत्रिकाओं में से एक
- प्रोफेसर एम डी श्रीनिवास, अध्यक्ष, नीति अध्ययन केंद्र

- प्रोफेसर सी.के. राजू, मानद प्रोफेसर, भारतीय शिक्षा संस्थान, मुंबई विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्राध्यापक और आईआईटी मद्रास में टीचिंग–लर्निंग सेंटर के प्रमुख
- डॉ. जे. के. बजाज, निदेशक, नीति अध्ययन केंद्र
- प्रोफेसर लावण्या वेमसानी, सामाजिक विज्ञान विभाग, शॉनी स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए
- प्रोफेसर एस.आर. भट्ट, अध्यक्ष, भारतीय दर्शनशास्त्र कांग्रेस
- श्री तरुण विजय, अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण

सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों ने निम्नलिखित प्रस्तुतियाँ दीं–

विशेष व्याख्यान

- डॉ. अनुराधा चौधरी : *पाथवेज फॉर रिसर्जेंस : श्री अरबिंदोज रोड़मैप फॉर एन आत्मनिर्भर–भारत*

सत्र–1

- प्रोफ़ेसर शशिप्रभा कुमार : *वैचारिक स्वराज्य की वैदिक पृष्ठभूमि*
- प्रोफ़ेसर दीप्ती त्रिपाठी : *ट्रांसेंडिंग बाउंडरीस : फ्रॉम संस्कृत ग्रामर टू यूनिवर्सल ग्रामर*

सत्र– 2

- डॉ. रतन शारदा : *दी कंट्रीब्यूशन ऑफ आरएसएस टू वैचारिक स्वराज*
- श्री प्रफुल्ल केतकर : *दी क्वेस्ट फॉर इंटैलेक्चुअल स्वराज : ब्रींगिंग ए नेशनल परस्पैक्टिव इन मीडिया डिस्कोर्स*

सत्र– 3

- प्रोफ़ेसर सी.के. राजू : *डिकलोनाइजिंग मैथमैटिक्स एण्ड साइंस*
- प्रोफ़ेसर श्रीपद कर्माकर : *इण्डिजीनिअस ऑफ सेमी–कंडक्टर टैक्नॉलजी– माई एक्स्पीरीअंस*

सत्र– 4

- डॉ. जे.के. बजाज : *फाउंडेशनल रिक्वैरमेंटस ऑफ स्वराज्य इन आइडियास*
- प्रोफ़ेसर लावण्य वेमसानी : *फाउंडेशनस ऑफ इण्डियन सिवलिजेशन : प्रीहिस्टोरिक एण्ड जेनेटिक एवीडेंस*

विदाई सत्र

- प्रोफ़ेसर एस.आर. भट्ट : *अंडरस्टैडिंग स्वराज्य इन आइडियास*
- श्री तरुण विजय : *डिजिटल डिकलोनाइजेशन*

3. 'आचार्य अभिनवगुप्त : लैगेसी एण्ड सिग्निफिकेंस' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय विचार–गोष्ठी (21–22 जून 2021)

मूलाधार– 10वीं शताब्दी के कश्मीर शैव ऋषि, विद्वान, सौंदर्यशास्त्री, आध्यात्मिक गुरु और दूरदर्शी विचारक आचार्य अभिनवगुप्त ने त्रिक शैव दर्शन और धर्म को विचार और प्राप्ति की एक पूर्ण तंत्र के रूप में आकार दिया। उन्हें एक विलक्षण और विविध गुणों और उपलब्धियों के साथ एक असाधारण इंसान के रूप में याद किया जाता है। दुनिया उन्हें

एक दार्शनिक, व्याख्याकार और सौंदर्यशास्त्री के रूप में जानती है, लेकिन कश्मीर और त्रिक वंश में, वे एक सिद्ध और गुरु हैं, जो एक आध्यात्मिक गुरु हैं।

आचार्य अभिनवगुप्त ने दर्जनों असाधारण मूल और नवीन ग्रंथों की रचना के अलावा, प्राचीन तंत्रों के एक विपुल संग्रह को संरक्षित, संपादित और प्रलेखित भी किया। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति, तंत्रलोक, एक अनूठी कृति है, जिसकी आकार, दायरा, गहनता, बौद्धिकता और ज्ञान, उसे अद्वितीय वैश्विक दार्शनिक और आध्यात्मिक साहित्य बनाते हैं। हम अभी इसकी भव्यता की महत्ता को समझने लगे हैं।

तंत्रलोक में, अभिनवगुप्त ने न केवल गुरु–शिष्य परम्परा के अनुसार अपनी विरासत में मिली परंपरा को संरक्षित किया और त्रिक के दर्शन को अनुत्तरात्रिक में विकसित किया, बल्कि आध्यात्मिक अनुभव के विवेकपूर्ण और व्यावहारिक क्षेत्र को भी परिष्कृत किया। तंत्रलोक, उस अर्थ में, एक उतनी दार्शनिक टीका है जितनी कि उच्च चेतना के क्षेत्र के लिए एक पेशेवर की नियामक होती है। इस उपलब्धि के लिए, अभिनवगुप्त ने आध्यात्मिक अनुभव को व्यक्त करने के लिए एक भाषा विकसित की और सभी आध्यात्मिक अनुभव को चिह्नित करने वाले गूढ़ तत्व से समझौता किए बिना इसे मानव बुद्धि तक पहुंचाने में मदद की।

प्रत्यक्षाभिज्ञ के कश्मीर शैव सिद्धांत पर ईश्वरप्रत्यभिज्ञा विमर्शिनी एवं ईश्वरप्रत्यभिज्ञानवृति जैसे दार्शनिक कार्यों में उनकी विशुद्ध रूप से अनुभव–आधारित तार्किक व्याख्याएं सर्वोच्च वास्तविकता के विचार को गैर–द्वैत चेतना के रूप में दृढ़ता से स्थापित करती हैं जिसे हम शिव कहते हैं। उनका परात्रिशास्त्रविवर्णा शक्ति की एक शाखा के रूप में सर्वोच्च उद्‌बोधन, परावक के रूप में सार्वभौमिक घटना के निर्माण का गहरा विस्तार है जो संस्कृत भाषा और व्याकरण के वैज्ञानिक मूल से संबंधित है। अपनी भैरव स्तव, अनुत्तराष्टिका, क्रम स्तोत्र और अनुभवनिवेदन जैसी अपनी भक्ति रचनाओं में, अभिनवगुप्त ने भैरवगमों के गूढ़ और भावनात्मक तत्वों को संरक्षित किया है।

सौंदर्यशास्त्र के क्षेत्र में अभिनवगुप्त का योगदान विश्व प्रसिद्ध है। उनकी अभिनवभारती, भरत के काव्य और नाट्यशास्त्र के पारंपरिक पाठ, नाट्यशास्त्र पर असाधारण टिप्पणी, वास्तविकता की गैर–दोहरी धारणा के अनुभव के साथ सौंदर्य अनुभव को जोड़ती है, जो गैर–दोहरी त्रिक दर्शन के अनुरूप है और जो उनकी कृति के लिए मौलिक है। इसी तरह, भगवदगीता पर उनकी टिप्पणी, गीतार्थ संग्रह इस वेदांत पाठ को शिवाद्वयावाद के प्रकाश में दिखाता है।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान द्वारा आचार्य अभिनवगुप्त की जयंती मनाने के लिए 21–22 जून, 2021 को सिस्को वीबेक्स से 'आचार्य अभिनवगुप्त : लैगेसी एण्ड सिग्निफिकेंस' पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान की अध्येता डॉ. अलका त्यागी सम्मेलन की संयोजक थीं। सुश्री सान्या त्यागी द्वारा इस अवसर पर 'ओडिसी नृत्य' और सुश्री शालिनी माथुर द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मकरंद आर. परांजपे ने स्वागत भाषण दिया। सम्मेलन की संयोजक डॉ. अलका त्यागी ने परिचयात्मक भाषण दिया। प्रोफेसर सुनथर विसुवलिंगम द्वारा 'अभिनवगुप्त के समकालीनता पर 'नोट्स ऑन अभिनवगुप्तज कंटेम्परेरीनेस' पर समापन भाषण प्रस्तुत किया गया। संस्थान की अध्येता एवं संगोष्ठी की संयोजक डॉ. अलका त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

प्रतिभागी

- डॉ. सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, इंदिरा गाँधी कला केन्द्र, नई दिल्ली
- डॉ. मोतीलाल पंडित, शोधार्थी, एरोपागस फाउंडेशन, ओस्लो, नॉर्वे
- प्रोफेसर रमाकांत पाण्डेय, प्राध्यापक साहित्य विभाग, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर
- प्रोफेसर भरत गुप्त, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय

- प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी, पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय)
- प्रोफेसर माधव हाड़ा, अध्येता, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
- डॉ. सुनील रैना, एक स्वतंत्र शोधकर्ता, लेखक और एक साधक
- डॉ. मीरा रस्तोगी, लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग से सेवानिवृत्त
- डॉ. निहार पुरोहित, कश्मीर शैव संस्थान, ईश्वर आश्रम ट्रस्ट में मुक्तबोध इंडोलॉजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट और फैकल्टी के लिए अकादमिक परिषद के सदस्य
- प्रोफेसर पंकज बासोटिया, एसोसिएट प्रोफेसर– दर्शनशास्त्र, राजीव गाँधी राजकीय डिग्री महाविद्यालय, शिमला
- पद्मश्री प्रोफेसर बेटिना बाउमर, निदेशक, अभिनवगुप्त अनुसंधान पुस्तकालय, वाराणसी
- प्रोफेसर के.डी. त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- डॉ. बलराम शुक्ल, अध्येता, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
- श्री स्वास्तिक बनर्जी, कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र में पीएचडी शोधार्थी
- प्रोफेसर एस आर भट्ट, अध्यक्ष, भारतीय दर्शनशास्त्र कांग्रेस
- प्रोफेसर वागीश शुक्ला, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- डॉ. मार्क डाइजकोव्स्की, तंत्र और कश्मीरी त्रिक शैववाद पर दुनिया के अग्रणी विद्वानों में से एक

विचार–गोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने निम्नलिखित प्रस्तुतियाँ दीं–

सत्र–1

- डॉ. मोतीलाल पण्डित : *अभिनवज लाइफ एण्ड वर्क्स*
- प्रोफ़ेसर रमाकांत पाण्डे : *अभिनवगुप्त के स्त्रोत साहित्य में प्रतिबिम्बित त्रिकदर्शन*

सत्र– 2 बीज भाषण प्रस्तुति

- डॉ. मार्क डाइजकोव्स्की : *दी टेस्ट ऑफ डिलाइट : दी रिचुअल, आर्ट, योगा, ग्नोसिस एण्ड डेली लाइफ*

सत्र– 3

- प्रोफ़ेसर भारत गुप्ता : *अभिनवगुप्तज डेफीनेशन ऑफ रासा*
- प्रोफ़ेसर राधावल्लभ त्रिपाठी : *क्रिएटिव प्रोसेस इन अभिनवगुप्त*

विशेष व्याख्यान

- श्री राकेश कुमार कौल : *चमत्कार, साहित्य एण्ड नीतीन द लाइट ऑफ अभिनवगुप्तज लिट्रेचर*

सत्र– 4

- डॉ. सुनील रैना : *भैरवा विमर्श इन कश्मीरी ट्रैडिशन*

- डॉ. मीरा रस्तोगी : *ईश्वर प्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी में प्रस्तुत गतिशीलता की अवधारणा*
- डॉ. निहार पुरोहित : *पुरानता : ए फाउंडेशनल पैराडाइम*

सत्र– 5

- पदमश्री प्रोफेसर बैटिना बाउमर : (रिकॉर्ड किया हुआ व्याख्यान)
- प्रोफेसर के.डी. त्रिपाठी : *अभिनवभारती में नाटय प्रयोग की अंतर्दृष्टि (रिकॉर्ड किया हुआ व्याख्यान)*

सत्र– 6

- डॉ. स्वास्तिक बनर्जी : *चिन्मयम एकम भैरवम : द आइडिया ऑफ सेल्फ इन भैरवस्तोत्र ऑफ अभिनवगुप्त*

सत्र– 7

- प्रोफ़ेसर बागीश शुक्ला : *अभिनवाज गीतार्थसंग्रह*
- डॉ. बलराम शुक्ल : *शब्द शस्त्रकला अभिनवकृत दर्शनशास्त्रीय उपयोगा*

समापन सत्र

- प्रोफ़ेसर संथर विसुवलिंगम : *नोटस ऑन कंटेम्परेनिटी ऑफ अभिनवगुप्त*

4. शश्वनी स्टेट यूनिवर्सिटी, ओहियो के सहयोग से 'हिस्ट्री ऑफ इंडिया : थ्योरी, मेथड्स, प्रैक्टिस' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (15–16 जुलाई 2021)

मूलाधार– इस संगोष्ठी में भारतीय इतिहास के सिद्धांत, विधियों और प्रणालियों का अन्वेषण करते हुए शाही इतिहास के निर्माण से शुरू होने वाले भारत के इतिहास के भीतर की कमियों पर ध्यान केन्द्रित किया गया। संगोष्ठी में प्रस्तुत व्याख्यान भारतीय इतिहास के विशेष क्षेत्रों (प्रारंभिक इतिहास, द्वितीय सहस्राब्दी इतिहास, कला इतिहास, मानवशास्त्रीय इतिहास और भारत–इस्लामी इतिहास) पर भी आधारित थे। भारतीय इतिहास लेखन की नींव औपनिवेशिक युग के दौरान रखी गई, जो आजादी के बाद भी भारत के इतिहास पर हावी रही। जैसा कि भारत आजादी 75 साल मना रहा है तो ऐसे में भारतीय इतिहास की आलोचनात्मक जांच करना आवश्यक था।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान द्वारा 21–22 जून, 2021 के दौरान सिस्को वीबेक्स पर शॉनी स्टेट यूनिवर्सिटी, ओहियो के सहयोग से 'हिस्ट्री ऑफ इंडिया : थ्योरी, मेथड्स, प्रैक्टिस' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। शावनी राज्य विश्वविद्यालय में इतिहास की प्राध्यापक, प्रोफेसर लावण्या वेमसानी इस संगोष्ठी की संयोजक थीं। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मकरंद आर. परांजपे ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। संगोष्ठी की संयोजक प्रोफेसर लावण्या वेमसानी ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की। सोका यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका, कैलिफोर्निया में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नलिनी एन. राव ने 'नेटवर्क्स ऑफ पावर– एन इंटरडिसिप्लिनरी स्टडी' विषय पर उद्घाटन भाषण दिया। संगोष्ठी की संयोजक प्रोफेसर लावण्या वेमसानी द्वारा ही समापन टिप्पणी और धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किए गए।

प्रतिभागी

- प्रोफेसर दिलीप चक्रवर्ती, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई पुरातत्व के प्रोफेसर एमेरिटस
- डॉ. सरदिन्दु मुखर्जी, सदस्य, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद

- प्रोफेसर वेंकट राघोथम, इतिहास के पूर्व प्रोफेसर और संकायाध्यक्ष, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड इंटरनेशनल स्टडीज, पांडिचेरी विश्वविद्यालय
- डॉ. आंद्रे विंक, विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय, मैडिसन
- प्रोफेसर पंकज जैन, प्रोफेसर और प्रमुख, इंडिक स्टडीज, फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
- डॉ शोनालीका कौल, ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर राजवीर शर्मा, प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय (सेवानिवृत्त) और पूर्व अध्येता, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान

संगोष्ठी के दौरान प्रतिभागियों ने निम्नलिखित विषयों पर प्रस्तुतियां दीं–

परिचयात्मक टिप्पणी

- प्रो. लावण्या वेमसानी, इतिहास की प्रोफेसर, सामाजिक विज्ञान विभाग, शावनी स्टेट यूनिवर्सिटी : *द मिसिंग हिस्ट्री ऑफ़ द ट्रू बिगिनिंग्स ऑफ़ इंडिया ऑफ़ अर्ली हिस्ट्री*

उद्घाटन भाषण

- डॉ. नलिनी एन. राव, एसोसिएट प्रोफेसर, सोका यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका, कैलिफोर्निया : *नेटवर्क्स ऑफ पावर– एक इंटरडिसिप्लिनरी स्टडी*

मुख्य सत्र

प्रोफेसर दिलीप चक्रवर्ती, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में दक्षिण एशियाई पुरातत्व के प्रोफेसर एमेरिटस : *एस्पैक्टस ऑफ नेशनलिज़्म इन इण्डियन आर्कियालजी*

सत्र–1

- डॉ. सरदिन्दु मुखर्जी, सदस्य, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद : *वाज द सिटिजनशिप एक्ट 2019 अर्जेन्टली रिक्वायरड : एन इन्क्वायरी इनटू इट्स हिस्टॉरिकल नेसेसिटी ?*
- प्रोफेसर वेंकट राघोथम, इतिहास के प्रोफेसर और संकाय अध्यक्ष (सेवानिवृत्त) सामाजिक विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल, पांडिचेरी विश्वविद्यालय : *हिस्ट्री एण्ड कल्चर ऑफ द इण्डियन पीपल : द भारतीय विद्या भवन सीरिज एण्ड इट्स क्रिटिक्स*

सत्र–2

- डॉ. आंद्रे विंक, यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन, मैडिसन : *द मेकिंग ऑफ़ द इंडो–इस्लामिक वर्ल्ड सी. 700–1800 सीई*
- प्रोफेसर पंकज जैन, प्रोफेसर और प्रमुख, इंडिक स्टडीज, फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे : *द वर्ण, जाति एण्ड 'कास्ट सिस्टम' इन इण्डियन सोसाइटी*

समापन सत्र

- डॉ शोनालीका कौल, ऐतिहासिक अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय : *रिकन्सीडरिंग इण्डियन हिस्टॉरिग्राफी : चैलेंजिस एण्ड अप्पॉर्च्युनिटीस*

5. **'कोरोना के दौरान भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान : पुनरावलोकन एवं आलोक' विषय पर समीक्षा सम्मेलन** (22–24 **जुलाई** 2021)

मूलाधार– भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान देश का प्रमुख उच्च स्तरीय शोध केन्द्र है। अपनी तरह का यह एक पृथक संस्थान है, जहाँ सिर्फ विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों की तरह सामग्री और विधियों के आधार पर पारंपरिक शोधकार्य नहीं होता। भारत के दूसरे राष्ट्रपति प्रसिद्ध दार्शनिक और महान दूरदर्शी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के मस्तिष्क की उपज के परिणामस्वरूप 20 अक्टूबर 1965 को मौलिक विषयों और जीवन की समस्याओं की स्वतंत्र और रचनात्मक अन्वेषण के लिए एक आवासीय केंद्र के रूप में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला की स्थापना की गई। संस्थान स्थापित करने के पीछे मन्शा थी कि भारत और विश्व के लिए सांस्कृतिक, सामाजिक और मानवीय आवश्यकताओं के विषयों पर गहन चिंतन के लिए एक स्थान सुरक्षित किया गया। तब से लेकर यह संस्थान कला, संस्कृति, साहित्य, लोक और आदिवासी अध्ययन, दर्शन, इतिहास और राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले मूल शोध को बढ़ावा देता आ रहा है। राष्ट्रीय प्रासंगिकता और महत्व के क्षेत्रों में मानविकी और प्राकृतिक विज्ञान से संबंधित विषयों के चयन में विशेष ध्यान दिया जाता है।

संस्थान ने अपने उद्देश्यों और दायित्वों को पूरा करने के लिए, और विद्वानों की दुनिया के बीच अपनी एक पहचान बनाने के लिए वर्ष 2020 से कई गतिविधियों/कार्यों को अंजाम दिया, जिनका मोटे तौर पर निम्न प्रकार से उल्लिखित किया जा सकता है–

- वार्षिक सर्वोत्कृष्ट व्याख्यान श्रृंखला, विशिष्ट व्याख्यान श्रृंखला, सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाएं, विशेष अकादमिक कार्यक्रम।
- बाह्य गतिविधियाँ, पुस्तकालय व अन्य शैक्षणिक और अनुसंधान अवसंरचना प्रकाशन, अध्येताओं की साप्ताहिक संगोष्ठियाँ।
- मानविकी एवं सामाजिक विज्ञानों के लिए अंतर–विश्वविद्यालय केन्द्र के तहत व्याख्यान, तथा सह–अध्येताओं के लिए आवासीय केन्द्र के बुनियादी ढांचे की मरम्मत और नवीनीकरण।

संस्थान में 22–24 जुलाई 2021 के दौरान 'भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान : पुनरावलोकन एवं आलोक' नामक एक विशेष अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अनिवार्य संगोष्ठी दो व्यापक विषयों पर आधारित थी – एक संस्थान में शोध के परिणामों पर बहस और चर्चा करना, और दूसरे विचारों का सृजन करना और संस्थान के अनुसंधान प्रयासों को दिशा देना। समीक्षा सम्मेलन 22–24 जुलाई 2021 के दौरान सिस्को वेबएक्स पर ऑनलाइन आयोजित किया गया। संस्थान के अध्येता प्रोफेसर माधव हाड़ा तथा पूर्व अध्येता प्रोफेसर राजवीर शर्मा, इस सम्मेलन के संयोजक थे। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मकरंद आर. परांजपे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। सम्मेलन के संयोजक प्रोफेसर माधव हाड़ा और प्रोफेसर राजवीर शर्मा ने परिचयात्मक टिप्पणी की। उद्घाटन भाषण प्रोफेसर बलदेव 'भाई' शर्मा ने दिया। सम्मेलन के संयोजकों प्रोफेसर माधव हाड़ा तथा प्रोफेसर राजवीर शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

प्रतिभागी

- प्रोफेसर सच्चिदानंद जोशी, प्रतिष्ठित इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव
- प्रोफेसर सितांसु यशचंद्र, समकालीन गुजराती साहित्य के सबसे प्रतिष्ठित प्रतिनिधि
- प्रोफ़ेसर दीप्ति त्रिपाठी, संस्कृत व्याकरण, आधुनिक भाषाविज्ञान, काव्यशास्त्र और पाण्डुलिपि विज्ञान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद

- प्रोफेसर अवधेश प्रधान, हिंदी विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
ग. सेवा निवृत कर्मचारियों को चिकित्सा खर्च की अदायगी	-	-	-	
घ. सेवानिवृति पर होमटाउन का भुगतान	-	-	-	
ङ. संबंद्ध बीमा भुगतान जमा	-	-	-	
कुल (क+ख+ग+घ+ङ.)				

टिप्पणी

1. इस उप सूची में कुल (क+ख+ग+घ+ङ) अनुसूची 15 में सेवानिवृति तथा सेवानिवृति लाभ के अंतर्गत है।
2. ख, ग, घ तथा ङ मदों की गणना उपचय आधार पर की गई है तथा इसमें वरीयता प्राप्त बिलों को सम्मिलित किया गया है मगर 31.3. को उनका भुगतान शेष है।

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)	(प्रेम चन्द)	(प्रो. नागेश्वर राव)
अनुभाग अधिकारी	सचिव	निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

अनुसूची–16, अकादमिक व्यय

राशि (रु./पै. में)

	चालू वर्ष 2021–22	विगत वर्ष 2020–21
क. प्रयोगशाला व्यय	-	-
ख. फील्ड संबंधी कार्य/सम्मेलनों में प्रतिभागिता		
ग. संगोष्ठियों/कार्यशालाओं पर व्यय	9,65,231.00	3,39,768.00
घ. आगंतुक संकाय को भुगतान	39,063.00	29,725.00
ङ. परीक्षा	-	-
च. छात्र कल्याण व्यय	-	-
छ. प्रवेश व्यय	-	-
ज. दीक्षांत समारोह व्यय	-	-
झ. प्रकाशन	6,32,628.00	3,07,355.00
ञ. वजीफा/संसाधन व योग्यता छात्रवृति	-	-
ट. अंशदान व्यय	-	-
i) अन्य (विशिष्ट) अध्येताओं को अध्येतावृति	1,28,16,475.00	3,14,28,036.00
ii) अध्येताओं को राष्ट्रीय अध्येतावृति	-	-
कुल	**1,44,53,397.00**	**3,21,04,884.00**

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)	(प्रेम चन्द)	(प्रो. नागेश्वर राव)
अनुभाग अधिकारी	सचिव	निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

अनुसूची–17, प्रशासनिक तथा सामान्य व्यय

राशि (रु./पै. में)

	चालू वर्ष 2021–22	विगत वर्ष 2020–21
1. अवसंरचना		
क. विद्युत एवं ऊर्जा	34,19,882.00	33,49,248.00
ख. जल प्रभार	47,857.00	(66,146.00)
ग. बीमा	-	23,591.00
घ. किराया, किराया तथा कर (सम्पति कर सहित)	96,628.00	10,31,920.00
2. संचार		
ङ. डाक व लेखन सामग्री	9,916.00	47,949.00
च. दूरभाष, फैक्स तथा इंटरनेट प्रभार	2,14,815.00	2,20,673.00
3. अन्य		
छ. मुद्रण एवं लेखन (उपभोग)	5,12,001.00	5,60,130.00
ज. यात्रा एवं यातायात सुविधा व्यय	14,94,188.00	8,64,724.00
झ. आतिथ्य		
ञ. लेखा परीक्षक मानदेय	6,00,785.00	80,405.00
ट. व्यावसायिक प्रभार	5,78,980.00	2,69,565.00
ठ. विज्ञापन एवं प्रचार–प्रसार	7,57,516.00	2,50,856.00
ड. पत्रिकाएं एवं जर्नल	10,55,892.00	4,95,624.00
ढ. ई–संसाधन अभिदान	8,23,660.00	14,21,785.00
ण. अन्य (विशिष्ट) दवाइयां	3,52,940.86	3,66,802.92
प. विविध व्यय	1,29,009.00	29,000.00
फ. पुस्तकों का प्रकाशन	20,62,972.00	-
कुल	**1,21,57,041.86**	**89,46,126.92**

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)	(प्रेम चन्द)	(प्रो. नागेश्वर राव)
अनुभाग अधिकारी	सचिव	निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

अनुसूची–18, यातायात संबंधी व्यय

राशि (रु./पै. में)

विवरण	चालू वर्ष 2021–22	विगत वर्ष 2020–21
वाहन (संस्थान द्वारा खरीदे गए)	-	-
क. चालू व्यय	3,85,179.00	97,085.00
ख. मरम्मत एवं रखरखाव	1,36,721.00	19,813.00
ग. बीमा व्यय	13,398.00	-
2 किराये/पटटे पर लिए गए वाहन	-	-
क. किराये/पट्टे का व्यय	-	-
3 वाहन/टैक्सी किराया	-	-
कुल	**5,35,298.00**	**1,16,898.00**

अनुसूची–19, मरम्मत एवं रखरखाव

विवरण	चालू वर्ष 2021–22	विगत वर्ष 2020–21
क. भवन	1,42,46,822.00	3,75,89,970.00
ख. फर्नीचर एवं स्थिर वस्तुएं	-	-
ग. संयंत्र एवं मशीनरी	-	-
घ. कार्यालयी उपकरण	4,11,377.00	1,46,268.00
ङ. कम्प्यूटर	-	-
च. प्रयोगशाला तथा वैज्ञानिक उपकरण	-	-
छ. श्रव्य–दृश्य उपकरण	-	-
ज. सफाई संबंधी सामान तथा सेवाएं	-	-
झ. पुस्तक जिल्दबंदी शुल्क	-	-
ञ. बागवानी	3,81,391.00	95,419.00
ट. सम्पदा का रखरखाव	-	-
ठ. अन्य (विशिष्ट) उपभोग्य भण्डार	7,64,890.08	5,84,711.00
ड) अन्य मरम्मत तथा रखरखाव पूंजी	1,46,91,683.00	2,00,13,000.00
ढ़) स्थिर परिसम्पतियां बट्टे में	-	37,21,351.00
ण) स्थिर परिसम्पतियां बट्टे में (परिसम्पतियों की बिक्री पर हानि)	3,04,96,163.08	6,21,50,719.00
कुल	**6,21,50,719.00**	**7,16,06,321.50**

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)	(प्रेम चन्द)	(प्रो. नागेश्वर राव)
अनुभाग अधिकारी	सचिव	निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

अनुसूची–20, वित्तीय व्यय

राशि (रु./पै. में)

विवरण	चालू वर्ष 2021–22	विगत वर्ष 2020–21
क) बैंक प्रभार	637.50	988.50
ख) भा.स. के ब्याज की वापसी	6,71,774.00	8,77,583.00
कुल	**6,72,411.50**	**8,78,571.50**

अनुसूची–21, अन्य व्यय

विवरण	चालू वर्ष 2021–22	विगत वर्ष 2020–21
क. डूबी तथा संदिग्ध रकम/अग्रिम राशि का प्रावधान	-	-
ख. वसूल न होने बकाया बट्टे में डाली गई रकम	-	-
ग. अनुदान/अन्य संस्थानों/संगठनों को रियायत	-	-
घ. अन्य (विशिष्ट)	-	-
कुल	-	-

अनुसूची–22, पूर्वावधिक व्यय

विवरण	चालू वर्ष 2021–22	विगत वर्ष 2020–21
	योजना	कुल
1 सेवा निवृति लाभ	-	-
2 अकादमिक व्यय	-	-
3 प्रशासनिक व्यय	-	-
4 यातायात व्यय	-	-
5 मरम्मत एवं रखरखाव	27,61,881.00	-
6 अन्य व्यय	4,97,318.00	1,21,655.00
कुल	**32,59,199.00**	**1,21,655.00**

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)	(प्रेम चन्द)	(प्रो. नागेश्वर राव)
अनुभाग अधिकारी	सचिव	निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष की प्राप्तियों एवं भुगतान के लेखे

राशि (रु./पै. में)

	प्राप्तियाँ	चालू वर्ष	विगत वर्ष		व्यय	चालू वर्ष	विगत वर्ष
(1)	अथशेष			(1)	क) स्थापना व्यय	10,61,20,405.44	11,83,85,466.00
	क) नकद शेष	-	-		ख) शैक्षणिक व्यय	45,61,646.00	31,10,844.00
	ख) बैंक बकाया				ग) प्रशासनिक व्यय	3,26,78,516.00	2,68,49,152.00
	1) चालू खातों में				घ) परिवहन व्यय	4,13,513.00	1,00,645.00
	2) बचत खाते	10,26,95,571.78	4,17,27,940.23		ङ) मरम्मत और रखरखाव	3,42,03,901.00	50,83,498.00
	3) बैंक में सावधि जमा	27,24,50,025.00	26,60,64,980.00		च) पूर्व अवधि व्यय/बैंक प्रभार	637.50	988.50
(2)	प्राप्त अनुदान			(2)	नर्धारित/चंदा निधियों की एवज में भुगतान	-	59.00
	क) भारत सरकार से						
	1) पूंजीगत अनुदान	-	-	(3)	अन्य से वसूली योग्य		
	2) राजस्व अनुदान	22,51,70,000.00	21,26,66,000.00	(4)	प्रायोजित अध्येतावृत्ति/छात्रवृत्ति के लिए भुगतान	23,62,699.00	
	ख) आईयूसी बैंक खाता	22,16,737.51		(5)	निवेश और जमा (क) निर्धारित/बंदोबस्ती निधियों से (ख) स्वयं की निधियों से (निवेश–अन्य)		
	ग) अन्य स्रोतों से (आईसी4एचडी की बैंक में एफडीआर पर ब्याज)	42,95,361.00	89,07,190.00	(6)	अनुसूचित बैंकों में सावधि जमाओं का नवीनीकरण किया गया		
	घ) भारत सरकार से वसूली योग्य सहायता अनुदान			(7)	देय व्यय	29,38,738.00	34,48,008.00
(3)	अकादमिक प्राप्तियां			(8)	बैंक से वसूली योग्य	-	-

(4)	निर्धारित/बंदोबस्ती निधियों के विरुद्ध प्राप्तियां	-	-	(9)	टिकट बूथ खर्च	34,14,404.54	33,51,091.50
(5)	आईसी4एचडी से प्राप्तिया						
				(10)	क) अचल संपत्ति		
(6)	प्रायोजित अध्येतावृति और छात्रवृत्ति के लिए प्राप्तियाँ				1) सहायता अनुदान से	7,12,393.00	5,33,377.00
(7)	निवेश से आय)	40,818.00	1,34,144.00		2) अपने स्रोतों से	-	-
(8)	क) निर्धारित/बंदोबस्ती निधि				ख) कार्यशील पूंजी से		
	ख) अन्य निवेश			(11)	वैधानिक भुगतान सहित अन्य भुगतान	25,27,82,378.00	-
	उपार्जित ब्याज	-	-	(12)	जीआईए अनुदान की वापसी	6,71,774.00	8,77,583.00
	क) बैंक जमा	3,25,117.00	6,71,774.00	(13)	अग्रिम और निकासी		
(9)	निवेश	-	-		क) स्टाफ	6,75,341.00	1,70,000.00
(10)	अनुसूचित बैंकों में परिपक्व सावधि जमा	-	-		ख्स) अन्य		-
	अन्य आय (पूर्व अवधि आय सहित)			(14)	अंतशेष		
(11)	जमा और अग्रिम	1,13,92,642.03	32,49,963.55		क) नकद	-	-
(12)	निवेश	-	8,36,284.00		ख) बैंक बकाया	-	
					चालू खाते में		
(13)	विविध प्राप्तियां	6,11,088.00	72,132.00		बचत खातों में	4,57,56,233.84	10,26,95,571.78
(14)	अन्य प्राप्तियाँ	4,22,808.00	27,25,901.00		बैंक में सावधि जमा	13,23,27,588.00	27,24,50,025.00
	कुल रु.	**61,96,20,168.32**	**53,70,56,308.78**		**कुल रु.**	**61,96,20,168.32**	**53,70,56,308.78**

हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)
अनुभाग अधिकारी

हस्ता./–
(प्रेम चन्द)
सचिव

हस्ता./–
(प्रो. नागेश्वर राव)
निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

दिनांक 31.03.2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखाओं की लेखा नीतियां तथा टिप्पणियां

लेखा नीतियां (टिप्पणी 23)

(क) लेखा अवधारणाएं

वित्तीय विवरण सामान्यतः परम्परागत लागत रीति के अनुसार भारत में प्रचलित लेखा सिद्धांतों के आधार पर तैयार किये गये हैं।

सोसाइटी सामान्यतः लेखा प्रणाली की उपचय पद्धति का अनुसरण करती है तथा संभूति के आधार पर आय और व्यय की महत्त्वपूर्ण मदों की पहचान करती है।

(ख) राजस्व मान्यता

1. निवेश पर ब्याज से होने वाली आय को संभूति के आधार पर हिसाब में लिया जाता है।
2. गृह निर्माण, वाहनों और कंप्यूटरों की खरीद के लिए कर्मचारियों को दी जाने वाली अग्रिम राशियों पर प्राप्त ब्याज को हर साल संभूति के आधार पर हिसाब में लिया जाता है, हालांकि ब्याज की वास्तविक वसूली मूलधन के पूर्ण पुनर्भुगतान के बाद शुरू होती है।
3. प्रकाशन की बिक्री, पौधों की बिक्री और स्मारिका वस्तुओं को बिक्री को शुद्ध रिटर्न बिक्री और छूट/रियायत के हिसाब में लिया जाता है, यदि कोई हो।
4. सरकारी अनुदानों का लेखा–जोखा – सरकारी अनुदानों का हिसाब वसूली के आधार पर लगाया जाता है। हालांकि, जहां वित्तीय वर्ष से संबंधित अनुदान जारी करने की स्वीकृति 31 मार्च से पहले प्राप्त हो जाती है और अनुदान वास्तव में अगले वित्तीय वर्ष में प्राप्त होता है, अनुदान को संभूति आधार पर हिसाब में लिया जाता है और उतनी ही राशि अनुदानकर्ता से वसूली योग्य के रूप में दिखाई जाती है।

पूंजीगत व्यय (उपार्जन के आधार पर) के लिए उपयोग की जाने वाली सीमा तक सरकारी अनुदान को कॉर्पस/कैपिटल फंड में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

राजस्व व्यय (उपार्जन आधार पर) को पूरा करने के लिए सरकारी अनुदानों को उस वर्ष की आय के रूप में उपयोग की जाने वाली सीमा तक माना जाता है जिसमें उन्हें प्राप्त किया जाता है।

अप्रयुक्त अनुदान (ऐसे अनुदानों में से भुगतान किए गए अग्रिमों सहित) को आगे बढ़ाया जाता है और तुलन पत्र में देयता के रूप में प्रदर्शित किया जाता है।

सरकारी अनुदान/गैर–सरकारी अनुदान को अनुदान के उपयोग/अधिदेश के आधार पर राजस्व/पूंजीगत अनुदान के रूप में माना जाता है।

अचल सम्पत्ति

1. सोसाइटी की अचल संपत्ति ऐतिहासिक लागत पर बताई गई है और इसमें सभी आकस्मिक खर्च शामिल हैं। तुलन पत्र में दिखाई देने वाली अचल संपत्ति में मूल्यह्रास कम है।

2. जिस भूमि और भवन में संस्थान चलायमान है, वह भारत सरकार द्वारा संस्थान को उपहार में दिया गया है। हालांकि, राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार भूमि और भवन का स्वामित्व के.लो.नि.वि. के पास है। इसलिए बही–खातों में इसका वित्तीय मूल्य नहीं दर्शाया जाता।

3. पूंजीगत सहायता अनुदान से खरीदी गई अचल संपत्तियों को अचल संपत्तियों में वृद्धि के रूप में दिखाया गया है।

(ग) **मूल्य ह्रास**

1. विगत वर्ष की लेखा नीतियों के अनुसार संस्थान द्वारा दिनांक 31.3.2014 तक अचल संम्पत्ति पर कोई मूल्यह्रास नहीं दर्शाया गया है। हलांकि दिनांक 01.4.2014के बाद अचल परिसम्पत्तियों की अधिक्य पर केन्द्रीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए निर्धारित वित्तीय विवरण के प्रपत्र में निहित दरों के अनुरूप मूल्यह्रास दर्शाया गया है।

2. चूंकि पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि और भवन को लेखा पुस्तकों में शामिल नहीं किया गया है, इस पर कोई मूल्यह्रास नहीं लगाया गया है।

3. वित्तीय वर्ष 2020–21 तक अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास लिखित डाउन वैल्यू पद्धति पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित वित्तीय विवरण के प्रारूप के तहत निर्धारित दरों पर लगाया गया है। मूल्यह्रास की पद्धति को वर्ष 2021–22 से सीधी रेखा पद्धति के रूप में बदल दिया गया है और मूल्यह्रास को शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित वित्तीय विवरण के प्रारूप के तहत निर्धारित दरों पर लगाया जाता है।

4. संपत्ति, जिनमें से प्रत्येक का व्यक्तिगत मूल्य 2000/–रुपए या उससे कम है (पुस्तकालय की पुस्तकों को छोड़कर) उसे लघु मूल्य की संपत्ति के रूप में माना जाता है, वर्ष के अंत में ऐसी संपत्ति के संबंध में 100 प्रतिशत मूल्यह्रास प्रदान किया गया है, जिसे एक वर्ष के लिए उपयोगी माना गया और प्रति संपत्ति ह्रासित मूल्य 1/–रुपया है।

5. वर्ष के दौरान परिवर्धन पर पूरे वर्ष के लिए मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है।

6. अनुदान सहायता से अचल अर्जित की स्थिति में मूल्यह्रास को पूंजीगत अनुदान सहायत में हस्तांतरित कर दिया गया है।

(घ) **मूल्य निर्धारण/वस्तु सूची की पद्धति**–प्रकाशनों (पुस्तकों), स्मृति चिन्ह उपभोग्य वस्तुएं, दवाओं का मूल्यांकन लागत या शुद्ध विश्वसनीय मूल्य के आधार पर किया गया है, जो भी कम हो।

(ङ) **निवेशों का मूल्यांकन**–निवेश का मूल्यांकन लागत जमा ब्याज पर किया जाता है।

(च) **सेवानिवृत्ति लाभ**– संस्थान के प्रशासन विभाग द्वारा प्रदान की गई गणना शीट के आधार पर सेवानिवृत्ति लाभ यानी पेंशन, ग्रेच्युटी और छुट्टी नकदीकरण प्रदान किया जाता है। संस्थान के कर्मचारियों के पिछले नियोक्ताओं से प्राप्त पेंशन और ग्रेच्युटी का पूंजीकृत मूल्य, जिन्हें संस्थान में समाहित किया गया है, संबंधित प्रावधान खातों में जमा किया जाता है। प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों के संबंध में प्राप्त पेंशन अंशदान को भी पेंशन खाते के प्रावधान में जमा किया जाता है। पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण के वास्तविक भुगतान खातों में संबंधित प्रावधानों के अनुसार जमा किए जाते हैं। अन्य सेवानिवृत्ति लाभ जैसे– डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस, नई पेंशन योजना में

योगदान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति और सेवानिवृत्ति पर होम टाउन की यात्रा को संभूति आधार पर (वास्तविक भुगतान और वर्ष के अंत में बकाया बिल) हिसाब में लिया जाता है। कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के समय नियमित कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। चूंकि सेवानिवृत्ति लाभों की गारंटी केंद्र सरकार द्वारा दी जाती है और बजट केंद्र सरकार द्वारा जारी किया जाता है। इसलिए तुलन पत्र में दिखाया गया प्रावधान बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार नहीं है। वर्ष के दौरान एनपीएस के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी का प्रावधान 12,02,271/– रुपये और अवकाश नकदीकरण का प्रावधान 1,11,924/– रुपये है।

(छ) **निर्धारित/चंदा निधि**– चंदा निधि वह धन है जो पिछले वर्षों में विभिन्न व्यक्तिगत दाताओं, ट्रस्टों और अन्य संगठनों से प्राप्त होता है। प्रत्येक चंदा कोष के बचत खाते से प्राप्त ब्याज को कोष में जोड़ा जाता है।

(ज) **विदेशी मुद्रा लेनदेन**– वर्ष के दौरान कोई विदेशी मुद्रा लेनदेन नहीं हुआ है।

(झ) आयकर का प्रावधान; वर्ष के दौरान सोसाइटी को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12 एए के तहत पंजीकृत हो गया है; लिहाजा वर्ष के दौरान आयकर का प्रावधान नहीं किया गया है।

लेखा रिपोर्ट के बारे में टिप्पणियां 24

1. आकस्मिक देयताएं–दिनांक 31.3.2022 को कोई भी आकस्मिक देयताएं नहीं हैं।
2. लेखे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नए प्रारूप के अंतर्गत तैयार किए गए हैं ताकि समरूप लेखा पद्धति का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।
3. सामान्य भविश्य निधि, आईयूसी निधि लेखा तथा मैस निधि के लिए पृथक तुलन पत्र तैयार किया गया है।
4. ग्रेच्यूटी तथा अवकाश नकदीकरण के प्रावधान का विवरण निम्न प्रकार है–

विवरण	**दिनांक 31.3.2022 को**	**दिनांक 31.3.2021 को**
ग्रेच्यूटी का प्रावधान	3,53,33,044.00	3,48,16,217.00
अवकाश नकदीकरण का प्रावधान	2,91,33,791.00	2,56,60,309.00

5. तुलन पत्र में चालू सम्पत्ति के अंतर्गत दर्शायी गई संस्थान के प्रकाशनों की राशि ₹ 52,19,206.35 (दिनांक 31.3.2021 को ₹ 58,79,849.91) सेल्ज़ एवं जन सम्पर्क अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना पर आधारित है। संस्थान के मतानुसार चालू परिसम्पत्तियां, ऋण तथा अग्रिम राशियां आंकित मूल्य के लगभग हैं, यदि प्रयोजन की सामान्य प्रक्रिया के अनुरूप किया गया हो। सभी प्रकार की ज्ञातव्य देनदारियों का प्रावधान पर्याप्त है तथा न्योचित तौर पर आवश्यक राशि से अधिक नहीं है।
6. लेनदारों, देनदारों तथा अन्य खातों में नामे शेष तथा जमा शेष सत्यापन तथा मिलान का विषय हैं।
7. विभिन्न कर्जदारों के पास पड़ी कुल बकाया राशि ₹ 426060.75/- को वसूली के लिए उपयुक्त मानी गई है।
8. पांच वर्षों से अधिक अवधि से ₹ 24,44,442.00 की विविध अग्रिम राशि विगत 5 वर्षों से बकाया है जो वसूली के लिए उपयुक्त मानी गई है।
9. वित्त पोषण एजेंसी यानी यूजीसी की आवश्यकता के अनुसार, आईयूसी निधि का अलग तुलन पत्र तैयार किया गया है। आईयूसी निधि की अचल संपत्ति ₹ 22,24,641/- जिसका स्वामित्व संस्थान के पास है।

10. जहां आवश्यक समझा गया विगत वर्ष के दौरान आँकड़ों को चालू वर्ष के तुल्य बनाने के लिए पुनः तैयार, पुनः वर्गीकृत तथा पुनः व्यवस्थित किया गया है।

11. टिप्पणी संख्या 1 से 24 तक तलुन–पत्र का आंतरिक भाग है तथा उसे पूर्णतः सत्यापित किया गया है

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)	(प्रेम चन्द)	(प्रो. नागेश्वर राव)
अनुभाग अधिकारी	सचिव	निदेशक

मानविकी और सामाजिक विज्ञानों के अन्तर्विश्वविद्यालय केन्द्र (आई.यू.सी.) के लेखे

DOGER & Co.
CHARTERED ACCOUNTANTS

(O) 0177-2656809, 2656162, (M) 98170-73000

लेखा परीक्षा रिपोर्ट

हमने मानविकी और सामाजिक विज्ञानों के अन्तर्विश्वविद्यालय केन्द्र (आई.यू.सी.) के तुलनपत्र के साथ उसकी प्राप्तियों व भुगतान तथा आय व व्यय का 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष का लेखा परीक्षण किया है तथा संबंधित रिपोर्ट संलग्न कर दी है।

वित्तीय विवरणों के लिए आई.यू.सी. प्रबन्धन जिम्मेवार है। हमारी जिम्मेवारी इन वित्तीय विवरणों के आधार पर लेखा परीक्षा के पश्चात् अपनी राय व्यक्त करना है।

हमने भारत के लेखा परीक्षा के मानकों के आधार पर लेखा परीक्षण किया है जो भारत में सामान्यतः स्वीकार्य हैं। इन मानकों के आधार पर हम लेखा परीक्षण करते हैं कि क्या वित्तीय विवरणीय स्पष्ट हैं और किसी प्रकार के गलत विवरणियाँ नहीं हैं। लेखा परीक्षण के आधार पर किया जाता है, तथा वित्तीय विवरणियों में रकमों के सबूत भी लिये जाते हैं। लेखा परीक्षण में लेखा सिद्वान्तों और विस्तृत आंकलन जोकि प्रबन्धन द्वारा तैयार किये जाते हैं उसका भी परीक्षण किया जाता है तथा वित्तीय विवरणियों का मूल्यांकन भी किया जाता है। हमें विश्वास है कि हमारा लेखा परीक्षण हमारी राय को व्यक्त करने में मूल आधार होता है।

पूर्ववर्ती टिप्पणियों के आधार पर हम रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं–

1) लेखा परीक्षण के लिए अनिवार्य सभी सूचनायें और स्पश्टीकरण हमने अपनी पूर्ण जानकारी और विश्वास के आधार पर प्राप्त कर लिये हैं।

2) हमारे मत तथा जानकारी के अनुसार एवं हमें दिये गये स्पश्टीकरण तथा अनुलग्नक–2 में दिये गये मानकों के आधार पर इन लेखाओं की स्पष्ट स्थिति प्रकट होती हैः–

क) तुलनपत्र में 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के केन्द्र के कार्य कलाप हैं।

ख) आय–व्यय लेखे में उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष में प्राप्त सहायता अनुदान से उपयोग की गई रकम का लेखा–जोखा है।

ग) प्राप्तियों तथा भुगतान के लेखों में उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष का प्राप्तियाँ तथा भुगतान का लेखा–जोखा है।

कृते डोगर एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
आईसीएआई नं. 019516एन

शिमला
दिनांक : 20.06.2022

(स.ले. मुनीष कौंडल)
पार्टनर एम. न. 508733
यूडीआइएन : 21508733AAAAEE9598

कार्यालय– प्रथम मंजिल, पंचायत भवन मेन गेट के सामने, बस स्टैंड, शिमला (हि.प्र.)171001
ईमेल आईडी– *dogersachin@gmail.com*

लेखा परीक्षण के साथ अनुलग्नक

विगत वर्ष की लेखापरीक्षा रिपोर्ट की अनुपालना– पिछली लेखापरीक्षा रिपोर्ट का अनुपालन हमें नहीं दिखाया गया है। विगत लेखापरीक्षा रिपोर्ट की टिप्पणियों निम्नानुसार पुनः प्रस्तुत किया गया है–

1. प्रोफेसर आर.एस. मिश्रा से वसूली योग्य 18,475.00 रुपये का अग्रिम 1994–95 से बही–खातों में लंबे समय से बकाया हैं। लेकिन पिछले 25 साल से राशि की वसूली के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसे यथाशीघ्र समायोजित/पुनर्प्राप्त करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

2. डॉ. वी.सी. थॉमस को दिनाँक 20.03.2004 को 1,00,000.00 रुपये का रुपये का अग्रिम भुगतान किया गया था। इस अग्रिम भुगतान से संबंधित व्यय को लेखापरीक्षा की तिथि तक बही–खातों में दर्ज नहीं किया गया है। 16 साल बीत चुके हैं और बही–खातो में राशि अभी भी बकाया है। इसे यथाशीघ्र समायोजित/पुनर्प्राप्त करने के लिए गंभीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

3. निदेशक आईसीएआर नई दिल्ली को संगोष्ठी के आयोजन के लिए अकादमिक संसाधन अधिकारी के माध्यम से 15,000.00 रुपये का अग्रिम भुगतान किया गया था। उपरोक्त अग्रिम में से रू. 10,000.00 की राशि अभी भी बकाया है जिसे लेखापरीक्षा की तारीख तक संबंधित व्यय में दर्ज नहीं किया गया है। इस राशि को समायोजित/पुनर्प्राप्त करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। तथापि, हमें यह कहना है कि इस राशि का तत्काल समाधान या तो राशि की वसूली के माध्यम से किया जाना चाहिए या वास्तविक व्यय के अनुसार संबंधित व्यय की बुकिंग के माध्यम से किया जाना चाहिए।

4. इसी तरह कुलसचिव, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली को संगोष्ठी के आयोजन के लिए अकादमिक संसाधन अधिकारी के माध्यम से दिनाँक 30.03.2007 को 2,75,000.00 रुपये का भुगतान किया गया था। उक्त अग्रिम से 94,884.00 रुपये का व्यय संगोष्ठी के उपरांत दर्ज किया गया जबकि 1,80,116.00 रुपये की राशि अभी भी बकाया है जिसके लिए संस्थान को कोई व्यय विवरण प्राप्त नहीं हुआ है। राशि अंकेक्षण की तिथि तक 13 वर्षों से बकाया है। हमें यह कहना है कि इस राशि के समायोजन/वसूली के लिए शीघ्रातिशीघ्र सख़्त निर्देश दिए जाएं।

कृते डोगर एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार
आईसीएआई नं. 019516एन

शिमला
दिनांक : 20.06.2022

(स.ले. मुनीष कौंडल)
पार्टनर एम. न. 508733
यूडीआइएन : 21508733AAAAEE9598

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

(तुलन पत्र–31.3.2022)

देनदारियां	राशि (रुपयों में)	कुल (रुपए)	परिसम्पतियाँ	राशि (रुपयों में)	कुल (रुपए)
संपत्ति कोष		14,04,570.00	अचल संपत्तियां (अनुसूची 1 के अनुसार)		14,04,570.00
अथशेष	90,45,226.00		अथशेष	90,45,226.00	
न्यूनतर– पिछले वर्षों का मूल्यह्रास	73,44,015.00		अल्प संचित मूल्यह्रास	76,40,656.00	
न्यूनतर– मूल्यह्रास चालू वर्ष	2,96,641.00				
चालू देनदारियां		3,47,148.51	वर्तमान संपत्ति, ऋण और अग्रिम		3,47,148.51
सहायता में अव्ययित अनुदान	2,57,421.51		भा.स्टेट बैंक बचत खाता सं. 10116686391	37,357.51	
देय वेतन/मजदूरी	79,949.00		ऋण और अग्रिम (संपत्ति)	3,09,791.00	
देय लेखापरीक्षा शुल्क	9,778.00				
कुल		17,51,718.51	कुल	17,51,718.51	
कुल (रुपए)		**1,17,21,754.51**	**कुल (रुपए)**		**1,17,21,754.51**

हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)
अनुभाग अधिकारी

हस्ता./–
(प्रेम चन्द)
सचिव

हस्ता./–
(प्रो. नागेश्वर राव)
निदेशक

आज दिनांक तक हमारी रिपोर्ट के अनुसार'
कृते डोगर एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
आईसीएआई एफआरएन 019516एन

स्थान : शिमला
दिनांक : 20.06.2022

मुनीष कौंडल, सनदी लेखाकार
आईसीएआई नं. 019516एन
पार्टनर एम. न. 508733
यूडीआइएन : 21508733AAAAEE9598

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए स्थिर परिसम्पत्तियों की अनुसूची

क्रमांक	वस्तु	दिनांक 1.4.2021 को अथशेष	वर्ष के दौरान जोड	वर्ष के दौरान हटाना	दिनांक 31.03. 2022 को अंतशेष	अथशेष मूल्यह्रास	वर्ष के लिए मूल्यह्रास	कुल मूल्यह्रास	दिनांक 31.03.2022 को अंतशेष	दिनांक 31.03.2021 को अंतशेष
1	कम्प्यूटर	2122715.00	0.00	0.00	2122715.00	1836314.00	71598.00	1907912.00	214803.00	286401.00
2	विद्युत उपकरण	2075698.00	0.00	0.00	2075698.00	943053.00	116638.00	1059691.00	1016007.00	1132645.00
3	फर्नीचर और जुड़नार	1444317.00	0.00	0.00	1444317.00	1181830.00	88738.00	1270568.00	173749.00	262487.00
4	पुस्तकालय व पुस्तकें	2809649.00	0.00	0.00	2809649.00	2809641.00	0.00	2809641.00	8.00	8.00
5	नया वाहन	592847.00	0.00	0.00	592847.00	573177.00	19667.00	592844.00	3.00	19670.00
	कुल योग	**9045226.00**	**0.00**	**0.00**	**9045226.00**	**7344015.00**	**296641.00**	**7640656.00**	**1404570.00**	**1701211.00**

हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)
अनुभाग अधिकारी

हस्ता./–
(प्रेम चन्द)
सचिव

हस्ता./–
(प्रो. नागेश्वर राव)
निदेशक

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

दिनांक 31.3.2022 को मानविकी व सामाजिक विज्ञानों के लिए अन्तर–विश्वविद्यालय केन्द्र का आय–व्यय लेखा

व्यय	राशि (रूपये में)	आय	राशि (रूपये में)
सामान्य व्यय			
– 121 प्रशासन और डाक, चिकित्सा आदि	4,705.00	– उपार्जित ब्याज	33,319.00
– 145 रखरखाव भत्ता	4,39,425.00		20,29,653.00
– 146 सह–अध्येताओं को यात्रा भत्ता	2,35,495.00	– प्रयुक्त अनुदान सहायता	
– 147 शोध संगोष्ठी/अध्ययन सप्ताह/कार्यशाला	1,50,000.00		
– 150 विविध आकस्मिक व्यय	1,398.00		
– 153 आईयूसी वाहन का रखरखाव	69,189.00		
अनुबंधीय कर्मचारियों को वेतन/मजदूरी/समयोपरि भत्ता	11,62,760.00		
कुल	**20,62,972.00**	**कुल**	**20,62,972.00**

हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)
अनुभाग अधिकारी

हस्ता./–
(प्रेम चन्द)
सचिव

हस्ता./–
(प्रो. नागेश्वर राव)
निदेशक

आज दिनांक तक हमारी रिपोर्ट के अनुसार'
कृते डोगर एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
आईसीएआई एफआरएन 019516एन

स्थान : शिमला
दिनांक : 20.06.2022

मुनीष कौंडल, सनदी लेखाकार
आईसीएआई नं. 019516एन
पार्टनर एम. न. 508733
यूडीआइएन : 21508733AAAAEE9598

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष की प्राप्तियां तथा भुगतान

	प्राप्तियां	राशि द्धरूपये मेंऋ		भुगतान	राशि द्धरूपये मेंऋ
द्वारा	**अथशेष**		नामे	**राजस्व व्यय**	
	– भा.स्टेट बैंक बचत खाता संख्या 10116686391	22,16,737.51		121. प्रशासन और डाक, चिकित्सा आदि	4,705.00
				145. रखरखाव भत्ता	4,39,425.00
द्वारा	राजस्व प्राप्तियां			146. सह–अध्येताओं को यात्रा भत्ता	2,35,495.00
	– प्राप्त ब्याज	33,319.00		147. शोध संगोष्ठी/अध्ययन सप्ताह/कार्यशाला	1,50,000.00
				150 विविध/आकस्मिक व्यय	1,398.00
द्वारा	वसूल किए गए अग्रिम	1,50,000.00		153 आईयूसी वाहन का रखरखाव	69,189.00
				वेतन/मजदूरी समयोपरि भत्ता/अनुबंध कर्मचारी	11,53,699.00
			नामे	अन्य आय	
				भुगतान योग्य व्यय	3,06,493.00
				राहत कोष	2,295.00
				अंतशेष	
				भा.स्टेट बैंक बचत खाता सं. 10116686391	**37,357.51**
	कुल	**24,00,056.51**		**कुल**	**24,00,056.51**

हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)
अनुभाग अधिकारी

हस्ता./–
(प्रेम चन्द)
सचिव

हस्ता./–
(प्रो. नागेश्वर राव)
निदेशक

आज दिनांक तक हमारी रिपोर्ट के अनुसार'
कृते डोगर एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
आईसीएआई एफआरएन 019516एन

स्थान : शिमला
दिनांक : 20.06.2022

मुनीष कौंडल, सनदी लेखाकार
आईसीएआई नं. 019516एन
पार्टनर एम. न. 508733
यूडीआइएन : 21508733AAAAEE9598

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की लेखा नीतियाँ

1. लेखा परिपाटी – वित्तीय विवरण ऐतिहासिक लागत परिपाटी के तहत अपचय आधार पर तथा आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों एवं भारत में लागू लेखाँकन मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं। वाहन व्यय के बीमा को छोड़कर जिनका लेखा नकद आधार पर किया गया है।

2. अचल परिसंपत्तियां– अचल संपत्ति ऐतिहासिक लागत पर दर्शाई गई है। इस लागत में किसी भी लागत को शामिल किया जाता है जो संपत्ति को उसके इच्छित उपयोग के लिए उसकी कार्यशील स्थिति में लाने के लिए जिम्मेदार होती है।

3. अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास– संस्थान द्वारा अपनाई गई लेखा नीति के अनुसार, अचल संपत्तियों पर कोई मूल्यह्रास नहीं लगाया गया है।

4. सेवानिवृत्ति लाभ– कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभों के प्रावधान को लेखा–बहियों में नहीं लिखा जाता क्योंकि सभी कर्मचारियों को अनुबंधीय आधार पर रखा गया है।

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
(रजनी ठाकुर)	(प्रेम चन्द)	(प्रो. नागेश्वर राव)
अनुभाग अधिकारी	सचिव	निदेशक

कृते डोगर एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार
आईसीएआई एफआरएन 019516एन

मुनीष कौंडल, सनदी लेखाकार
आईसीएआई नं. 019516एन
पार्टनर एम. न. 508733
यूडीआइएन : 21508733AAAAEE9598

पुस्तकालय

पिछले कुछ वर्षों में 1,50,000 से अधिक पुस्तकों, 40,000 बाउंड वॉल्यूम, पत्रिकाओं और 335 वर्तमान समाचार पत्रों के लिए सदस्यता के साथ संस्थान के पुस्तकालय में एक समृद्ध संग्रह है। मुद्रित पुस्तकों और पत्रिकाओं के अलावा, पुस्तकालय के संग्रह में सीडी–रोम, ऑनलाइन डेटाबेस, पांडुलिपियां, दुर्लभ पुस्तकें, माइक्रोफिल्म और प्रतिवेदन आदि सभी प्रकार के दस्तावेज़ शामिल हैं। संस्थान के पुस्तकालय संग्रह को उसके उत्कृष्ट राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के लिए पहचाना जाता है। भारतीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रलेखन केंद्र, नई दिल्ली के तत्कालीन निदेशक श्री बी.एस. केसवन के प्रयास से पुस्तकालय के संग्रह का विकास शुरू हुआ। संस्थान के पुस्तकालय सलाहकार के रूप में, उन्होंने 20 अक्तूबर, 1965 को संस्थान के उद्घाटन अवसर पर पुस्तकालय में दस हजार संस्करण उपलब्ध करवाए। प्रतिष्ठित विद्वानों के निजी संग्रह के अधिग्रहण से पुस्तकालय का संग्रह और समृद्ध हुआ है। ब्रिटिश काउंसिल, एशिया फाउंडेशन, और लीग ऑफ अरब नेशंस जैसे संगठनों ने सैकड़ों दुर्लभ पैम्फलेट और पुस्तकों का उदार उपहार दिया है। बाद में, पुस्तकालय ने दुर्लभ संस्कृत, अरबी और फारसी ग्रंथों और लघु चित्रों वाली पांडुलिपियां प्राप्त कीं। पुस्तकालय में इतिहास, तुलनात्मक धर्म, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, नृविज्ञान, साहित्य, अर्थशास्त्र और लोक प्रशासन में पुस्तकों का प्रमुख संग्रह है। अपने संग्रह का निर्माण करते समय, सामाजिक विज्ञान और मानविकी में अनुसंधान के व्यापक विषय क्षेत्रों के साथ–साथ अंतःविषय अनुसंधान के अत्यधिक उन्नत क्षेत्रों जैसे चेतना के विज्ञान, मन की कार्यप्रणाली, प्राचीन भारतीय इतिहास के विभिन्न पहलू, संस्कृति और सभ्यता, आधुनिकतावाद के बाद, दर्शन, धर्म, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र से संबंधित सैद्धांतिक और सांस्कृतिक अध्ययन, लिंग और पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक–आर्थिक योजना और विकास, गाँधीवादी अध्ययन आदि के साथ संग्रह के संतुलित विकास को बनाए रखने का सचेत प्रयास किया गया है। पुस्तकालय के मुख्य खंड के अलावा, जिसमें अंग्रेजी भाषा के प्रकाशन शामिल हैं, पुस्तकालय ने निम्नलिखित अलग–अलग खंड विकसित किए हैं–

1. हिंदी भाषा के प्रकाशन
2. संस्कृत ग्रंथ
3. उपरोक्त उल्लिखित के अलावा अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं में प्रकाशन
4. प्रोफेसर आर.सी. मजूमदार संग्रह
5. प्रोफेसर एच.सी. रे चौधरी संग्रह
6. प्रोफेसर हरि शंकर श्रीवास्तव संग्रह
7. उत्कृष्ट कृतियों का विशेष संग्रह जिसमें तिब्बती त्रिपितिका (168 खंड) जैसे प्रकाशन और हार्वर्ड विश्वविद्यालय प्रेस की लोएब शास्त्रीय पुस्तकालय शृंखला के अंतर्गत प्रकाशित, पूर्व की पवित्र पुस्तकें, पश्चिमी दुनिया की श्रेष्ठ पुस्तकें आदि प्रकाशन शामिल हैं।
8. अरबी, फारसी और उर्दू पांडुलिपियों के साथ–साथ मुद्रित प्रकाशन

- **ई–संसाधनों की अभिगम्यता–** पुस्तकालय की मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में ई–संसाधनों की विस्तृत शृंखला तक अभिगम्यता है। ई–शोध सिंधु के एक सदस्य के रूप में, पुस्तकालय की मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में संकाय के तहत सदस्यता है जिससे इसक पास सभी प्रमुख ई–संसाधनों की अभिगम्यता है। इसके अलावा, पुस्तकालय अपने स्वयं के बजट से बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक पत्रिकाओं की सदस्यता ग्रहण करता है। सेज, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित सभी ई–पत्रिकाओं के

पुराने अंकों को भी प्राप्त किया है, जिसने पुस्तकालय के मौजूदा संग्रह में और वृद्धि हुई है।

- **पुस्तकालय स्वचालन–** पुस्तकालय पूरी तरह से स्वचालित है और पुस्तकों की सूची संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इंटरनेट का उपयोग करके, उपयोगकर्ता कहीं से भी 24x7 घंटे पुस्तकालय सूची को ऐक्सेस कर सकते हैं। पुस्तकालय इनफ्लिबनेट द्वारा डिजाइन और विकसित सोल सॉफ्टवेयर (पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर जिसे महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों की पुस्तकों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है) का उपयोग अपने आंतरिक संचालन के लिए करता है। पुस्तकालय में प्रतिलिपिकरण, इंटर लाइब्रेरी लोन (आईएलएल), तथा दस्तावेज़ वितरण सेवाएँ भी उपलब्ध हैं।

- **संग्रह विकास–** पुस्तकालय ने विभिन्न स्रोतों से नवीनतम पुस्तकें प्राप्त करके अपने संग्रह को समृद्ध करने के लिए एक नीति विकसित की है। विभिन्न प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पुस्तक समीक्षाएं और कैटलॉग अध्येताओं को उनके शोध कार्य के लिए आवश्यक पुस्तकों की सिफारिश के लिए परिचालित किए गए थे। पुस्तकालय ने वर्ष 2021–2022 के दौरान 560 नई पुस्तकें खरीदी हैं।

- **प्रसार गतिविधियां–** रिपोर्ट की अवधि के दौरान 1798 उपयोगकर्ताओं (अध्येता, सह–अध्येता, बाहरी सदस्य और सीधे तौर आने वाले उपयोगकर्ता) ने पुस्तकालय से परामर्श किया और 2260 पुस्तकों का संदर्भ लिया।

- **रिमोट एक्सेस सर्विस**– पुस्तकालय द्वारा सदस्यता प्राप्त ई–संसाधनों की दूरस्थ अभिगमन की सेवा प्रदान की जाती है, जिसके तहत उपयोगकर्ताओं को उनके आवास से ई–संसाधनों के अभिगमन की अनुमति मिल जाती है। पुस्तकालय के अधिकृत उपयोगकर्ता परिसर के बाहर से सदस्यता प्राप्त किए गए ई–संसाधनों की अभिगम्यता के लिए अपने प्रत्यय–पत्र का उपयोग कर सकते हैं।

- **साहित्यिक चोरी की जाँच सेवा**– पुस्तकालय अपने पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को साहित्यिक चोरी–जांच सेवा की सुविधा प्रदान करता है। अध्येता अपनी सामग्री की तुलना 'अवर ओरिजिनल' सॉफ्टवेयर, का उपयोग कर सकते हैं। यह सॉफ्टवेयर सामग्री की मौलिकता की जाँच और साहित्यिक चोरी रोकथाम के लिए प्रयोग किया जाता है। *एसएचएसएस* और *समरहिल* जर्नल में प्रस्तुत मोनोग्राफ और लेखों के प्रकाशन से पहले, पुस्तकालय अनुभाग द्वारा सामग्री की समानता जांच के लिए भी इस सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है।

- **दुर्लभ और कॉपीराइट रहित पुस्तकों का अंकरूपण–** पुस्तकालय अनुभाग द्वारा 14000 से अधिक पुस्तकों का डिजिटलीकरण किया है जिसमें संस्थान के मोनोग्राफ, दुर्लभ पुस्तकें और कॉपीराइट से बाह पुस्तकें शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021–2022 के दौरान पुस्तकालय ने 3985 पुस्तकों का डिजिटलीकरण किया है। डिजीटल सामग्री को खोजने, ब्राउज़ करने और देखने की सुविधा के साथ डिजिटाइज्ड सामग्री को ओपन सोर्स सॉफ्टर (Dspace) पर अपलोड किया गया है। पुस्तकालय ने डीस्पेस, ओपन सोर्स सॉफ़्टवेयर को सफलतापूर्वक अनुकूलित किया है और पीडएफ प्रेक्षक के समरूप बनाया गया है, जो हमें पुस्तकालय की वेबसाइट से कॉपीराइट पुस्तकों की डाउनलोड सुविधा को प्रतिबंधित करने में सक्षम बनाता है। डिजीटल सामग्री को विद्वत समाज द्वारा हमारी वेबसाइट : http:// 14.139.58.199:8080/jspui@ से ऐक्सेस किया जा सकता है।
- **प्रीप्रिंट सर्वर–** मानविकी और सामाजिक विज्ञान डिजिटल सामग्री को समृद्ध करने के लिए, पुस्तकालय ने ओपन प्रीप्रिंट सिस्टम (ओपीएस) शुरू और स्थापित किया है। यह प्री–प्रिंट शोध पत्रों के प्रबंधन और मेज़बानी के लिए एक ओपन–सोर्स प्रीप्रिंट सर्वर है। इसका उपयोग मानविकी और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में प्रीप्रिंट सामग्री की मेजबानी के लिए किया जा रहा है। वर्तमान में, इसमें संस्थान के अध्येताओं और सह–अध्येताओं द्वारा प्रस्तुत अप्रकाशित शोधपत्र शामिल हैं। लेखों को अपलोड करने, खोजने, देखने और डाउनलोड करने की सुविधा के लिए उपयुक्त ओपन–सोर्स सॉफ़्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है। हमने मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अप्रकाशित शोध पत्रों की मेजबानी की सुविधा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रीप्रिंट सर्वर का विस्तार करने का प्रस्ताव दिया है। कोई भी पाठक, कभी भी और कहीं से भी हमारी वेबसाइट : http://14.139.58.200/ops/inde.php/ips/ पर जाकर प्रीप्रिंट सर्वर का प्रयोग कर सकता है।

प्रकाशन

संस्थान का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान को बढ़ावा देनातथा उसका प्रसार करना है। संस्थान द्वारा अध्येताओं, अतिथि प्राध्यापकों और आयोजित की गई संगोष्ठियों की कार्यवाहियों को पुस्तकों के रूप में प्रकाशित किया जाता है। इन पुस्तकों/पत्रिकाओं का या तो संस्थान स्वयं प्रकाशन करता है या फिर उनका प्रकाशन ओरिएंट ब्लैकस्वान, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, परमानेंट ब्लैक, रूटलेज, राजकमल, सेज़, प्राइमस, स्प्रिंगर और जैसे प्रमुख व्यावसायिक प्रकाशकों के सहयोग से किया जाता है। संस्थान के पास ऐसे 500 से अधिक प्रकाशन हैं जो संस्थान के फायर–स्टेशन कैफे में स्थित बुकशॉप में बिक्री के लिए उपलब्ध रहते हैं। इन प्रकाशनों को अमेजन, फ्लिपकार्ट, तथा बिल्ड बाज़ार जैसे

प्लेटफार्मों के माध्यम से ऑनलाइन या संस्थान के बिक्री और जनसंपर्क अधिकारी को लिखित अनुरोध के माध्यम से भी खरीदा जा सकता है।

इस अवधि के दौरान संस्थान द्वारा निम्नलिखित पुस्तकें व पत्रिकाएँ प्रकाशित की गईं–

- 'किपलिंग इन इंडिया : इंडिया इन किपलिंग' प्रोफेसर हरीश त्रिवेदी और प्रोफेसर जेनेट मोंटेफियोर द्वारा संपादित (संस्थान तथा रूटलेज, टेलर एंड फ्रांसिस ग्रुप, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)।
- 'द हिस्ट्री ऑफ थार डेजर्ट इन्वायरन्मेंट, कल्चर एण्ड सोसाइटी' डॉ. मनीषा चौधरी द्वारा लिखित।
- 'रिलिजन कम्युनिटी एण्ड नेशन : हिन्दू कन्सिसनेश एण्ड नेशनलिज़्म इन कलोनिअल पंजाब' प्रोफेसर के.एल. टुटेजा द्वारा लिखित (संस्थान तथा प्राइमस बुक्स के साथ सह–प्रकाशित)।
- 'लैंग्वेज, लिमिट्स एंड बियॉन्ड अर्ली विट्गेन्स्टाइन एंड रवींद्रनाथ टैगोर' प्रोफेसर प्रियंवदा सरकार द्वारा लिखित (संस्थान तथा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)।
- 'कल्चर, करप्शन एण्ड इन्सर्जेंसी : थ्रेट्स एण्ड क्वेस्ट फॉर सर्वाइवल इन नागालैण्ड' डॉ. पवित्रन नांबियार द्वारा लिखित (संस्थान तथा सेज, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)।
- 'फेडरलिज्म इन इण्डिया' सिंह प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित (संस्थान तथा सेज, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)।
- 'हिंदू सोशल रिफॉर्मस : द फ्रेमवर्क ऑफ ज्योतिराव फुले' प्रोफेसर एस.के. चहल द्वारा लिखित।
- 'नदी पुत्र : उत्तर भारत में निषाद और नदी' डॉ. रमाशंकर सिंह द्वार लिखित (सेतु प्रकाशन, नोएडा के साथ सह–प्रकाशित)।
- 'आधुनिक भारत का ऐतिहासिक यथार्थ संदर्भ : भगवतीचरण वर्मा, यशपाल, अमृतलाल नागर और गुरुदत्त के राजनीतिक उपन्यास' प्रोफेसर हितेंद्र कुमार पटेल द्वारा लिखित (राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)।



























जर्नल

- *समरहिल : आईआईएएस रिव्यू* वॉल्यूम–27, नंबर 1, समर 2021 प्रोफेसर अमिया पी. सेन द्वारा संपादित।
- *समरहिल : आईआईएएस रिव्यू* वॉल्यूम– 27, नंबर 2, विंटर 2021 प्रोफेसर अमिया पी. सेन द्वारा संपादित।
- *स्टडीज इन ह्यूमेनिटीज एण्ड सोशल साइंसिस* वॉल्यूम– 26, नंबर 2, विंटर 2019 प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा संपादित।
- *स्टडीज इन ह्यूमेनिटीज एण्ड सोशल साइंसिस* वॉल्यूम– 27, नंबर 1, समर 2020 प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा संपादित।
- *स्टडीज इन ह्यूमेनिटीज एण्ड सोशल साइंसिस* वॉल्यूम– 27, नंबर 2, विंटर 2020 प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा संपादित।
- *स्टडीज इन ह्यूमेनिटीज एण्ड सोशल साइंसिस* वॉल्यूम– 28 नंबर 2, विंटर 2021 प्रोफेसर आर.सी. प्रधान

हिंदी पत्रिकाएँ

- *हिमांजलि* अंक–21, (जनवरी– जून 2020) संपादक–प्रोफेसर माधव हाड़ा एवं डॉ. बलराम शुक्ल (भारतीय उच्च अध्ययन द्वारा वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)।
- *हिमांजलि* अंक–22, (जुलाई– दिसम्बर 2020) संपादक–प्रोफेसर माधव हाड़ा एवं डॉ. बलराम शुक्ल (भारतीय उच्च अध्ययन द्वारा वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)
- *हिमांजलि* अंक–23, (जनवरी– जून 2021) संपादक–प्रोफेसर माधव हाड़ा एवं डॉ.बलराम शुक्ल (भारतीय उच्च अध्ययन द्वारा वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)
- *चेतना* अंक–1, (जनवरी–जून, 2021) संपादक–श्री आशुतोष भारद्वाज (भारतीय उच्च अध्ययन द्वारा वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)
- *चेतना* अंक–2, (जुलाई–दिसम्बर 2021) संपादक–प्रोफेसर माधव हाड़ा (भारतीय उच्च अध्ययन द्वारा वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली के साथ सह–प्रकाशित)

राजभाषा

- प्रतिवेदन की अवधि के दौरान संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 25 अगस्त 2021, 15 दिसंबर 2021 और 21 मार्च 2022 को तिमाही बैठकों का आयोजन किया गया। कोविड–19 प्रबंधन के दिशा–निर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान पहली तिमाही बैठक (अप्रैल–जून) नहीं की गई, मगर पहली और दूसरी तिमाही की संयुक्त बैठक 25 अगस्त 2021 को आयोजित की गई थी। इन बैठकों में भारत सरकार के गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) तथा शिक्षा मंत्रालय (राजभाषा प्रभाग) द्वारा सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रचार–प्रसार एवं व्यावहारिक क्रियान्वयन के संबंध में जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने के लिए कदम उठाए गए हैं।
- संस्थान ने यथासमय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग, शिक्षा मंत्रालय के राजभाषा प्रभाग तथा नराकास शिमला को हिंदी प्रगति तिमाही रिपोर्टें प्रेषित कीं।
- संस्थान में प्रोफेसर चमन लाल गुप्त, निदेशक की अध्यक्षता में 14 नवंबर 2021 को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्येता, अध्येतातथा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। सितंबर 2021 माह में हिन्दी पखवाड़े के दौरान संस्थान में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिनमें संस्थान के अधिकारियों ने बड़े उत्साहपूर्ण भाग लिया।
- प्रतिवेदन अवधि के दौरान संस्थान ने यूजीसी केयर सूची में शामिल हिंदी पत्रिका 'हिमांजलि' का 23वां अंक प्रकाशित किया और इसकी प्रतियां मंत्रालय, विभिन्न संस्थानों और देश–विदेश के पाठकों को वितरित प्रेषित की गईं। प्रतिवेदन की अवधि के दौरान 'हिमांजलि' का 24वां अंक भी प्रकाशन के लिए भेजा गया। इसके अतिरिक्त संस्थान ने विशेष रूप से संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए पृथक हिंदी की वार्षिक गृह पत्रिका 'हिम संहित' प्रकाशित करने का भी निर्णय लिया।
- संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप–समिति ने 11 नवंबर 2021 को अमृतसर पंजाब में संस्थान का राजभाषायी निरीक्षण किया गया। प्रोफेसर चमन लाल गुप्त, निदेशक, श्री प्रेम चंद, सचिव और श्री राजेश कुमार, हिंदी अनुवादक इस निरीक्षण बैठक में उपस्थित थे। संसदीय राजभाषा समिति द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने के लिए संस्थान प्रयासरत है।



- 30 मार्च 2022 को संस्थान में वार्षिक राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर चमन लाल गुप्ता ने सितंबर 2021 में आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र वितरित किए। इसके अतिरिक्त सरकारी कामकाज में टिप्पण/आलेखन मूल रूप से हिंदी में करने वाले 10 नामित अधिकारियों/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।
- पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर एक हिंदी कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्येता प्रोफ़ेसर शंकर शरण; अध्येता प्रोफ़ेसर आलोक कुमार गुप्ता एवं प्रोफ़ेसर माधव हाड़ा तथा आईयूसी सह–अध्येता डॉ. गौरी त्रिपाठी, ने इस अवसर पर राजभाषा के व्यावहारिक प्रयोग के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यान व्याख्यान प्रस्तुत

किए। इस अवसर पर अद्धवार्षिक हिंदी पत्रिका 'चेतना' और संस्थान के विद्वानों की शोध परियोजनाओं पर आधारित 8 पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। संस्थान के पूर्व अध्येताओं प्रोफ़ेसर हितेंद्र पटेल, प्रोफ़ेसर एस. के. चहल, प्रोफ़ेसर एम.पी. सिंह और डॉ. मनीषा चौधरी ने भी हिंदी भाषा और लोकार्पित की गई अपनी पुस्तकों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

विविध

सम्पदा

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के दोनों विंग, सिविल और विद्युत संस्थान के दैनिक रखरखाव के कार्य में लगे रहे। इस अवधि के दौरान सम्पदा की मरम्मत और उसके रखरखाव के लिए संस्थान द्वारा किए गए निम्नलिखित कार्य किए गए–

- गैर–आवासीय भवनों के वार्षिक मरम्मत और रखरखाव के लिए के.लो.नि.वि. (सिविल) को 73,11,880/– रुपए की राशि जारी की गई।
- आवासीय भवनों के वार्षिक मरम्मत और रखरखाव के लिए के.लो.नि.वि. (सिविल) को 80,61,800/– रुपए की राशि जारी की गई।
- डेलविला स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत/जीर्णोद्धार के लिए के.लो.नि.वि. (सिविल) को 37,96,420/– रुपए की राशि जारी की गई।
- माली लाइन–2 (स्टाफ क्वार्टर) की मरम्मत/जीर्णोद्धार के लिए 10,00,000/– रुपए की राशि जारी की गई।
- फायरमैन लाइन, ए–ब्लॉक के 5 स्टाफ क्वार्टरों के उन्नयन के लिए के.लो.नि.वि. (सिविल) को 7,99,660/– रुपए की राशि जारी की गई।
- स्क्वॉयर हॉल तक मौजूदा सड़क की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त डंगों को पुनः लगाने के लिए के.लो.नि.वि. (सिविल) को 18,69,309/– रुपए की राशि जारी की गई।
- किचन विंग के प्रत्येक कमरे की भावी उपयोगिता योजना को तैयार करने और अंतिम रूप देने के लिए पीआईसी की उप–समिति की पहली बैठक 29 अक्तूबर 2021 को आयोजित की गई।
- के.लो.नि.वि. (विद्युत) को वार्षिक रखरखाव के लिए 50,79,248/– रुपए की राशि जारी की गई।
- के.लो.नि.वि. (विद्युत) को विभिन्न विविध विद्युत कार्यों के लिए 23,59,894/– रुपए की राशि जारी की गई।
- के.लो.नि.वि. (विद्युत) को को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और टेनिस कोर्ट के बिजली के उपकरणों और लाइट फिक्स्चर प्रदान करने/बदलने के लिए 8,52,094/– रुपए की राशि जारी की गई।
- प्रतिवेदन अवधि के दौरान वाइस–रीगल लॉज (राष्ट्रपति निवास) के किचन विंग की संरचनात्मक मरम्मत, पुनर्वास और जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर रहा।

बिक्री एवं जनसंपर्क

1. संस्थान के प्रकाशनों की बिक्री

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान संस्थान ने आगंतुकों को 1,29,779/– रुपए (एक लाख उन्नतीस हजार सात सौ नवासी) की पुस्तकें बेचीं। संस्थान ने ईमेल और टेलीफोनिक मोड के माध्यम से प्राप्त आदेशों की एवज में देश भर के विभिन्न ग्राहकों को 89, 342/–रुपए (अठासी हजार तीन सौ बयालीस रुपये) की पुस्तकें भी बेची हैं। इसके अतिरिक्त बिल्डबाजार, अमेज़ॅन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन माध्यम से 1,25,339/–रुपए (मात्र एक लाख पच्चीस हजार तीन सौ उनतालीस रुपये) की पुस्तकों की भी बिक्री की। इस प्रकार, सभी माध्यमों से संस्थान प्रकाशनों की कुल 3,44,460.00 रुपये (मात्र तीन लाख चवालीस हजार चार सौ साठ रुपये) राशि की बिक्री की गई।

2. पर्यटक प्रवेश शुल्क से आय

कोविड–19 के दिशा–निदेर्शों के अनुपालन में अप्रैल से सितंबर 2021 तक संस्थान पर्यटकों के लिए बंद रहा मगर उसके पश्चात संस्थान में 80,236 पर्यटक का आगमन हुआ और उनसे 80,32,130/– रुपए (मात्र अस्सी लाख बत्तीस हजार एक सौ तीस) का राशि प्रवेश शुल्क के रूप में प्राप्त की। इसके अतिरिक्त मुख्य गेट से संस्थान तक वाहनों के प्रवेश शुल्क से 2,31,860/– रुपए (मात्र दो लाख इकतीस हजार आठ सौ साठ) की राशि अर्जित की। इस प्रकार दोनों प्रकार के शुल्कों से कुल 82,63,990/–रुपए (मात्र बयासी लाख तिरसठ हजार नौ सौ नब्बे) की आय प्राप्त की।

3. स्मारिका वस्तुओं की बिक्री

संस्थान की बुक शॉप में बिक्री के लिए कुछ स्मारिका वस्तुएं उपलब्ध हैं, जिनमें संस्थान के बारे में पुस्तिका, टी–शर्ट, स्वेट–शर्ट, कैप, कॉफी मग, पिक्चर पोस्टकार्ड, ग्रीटिंग कार्ड आदि शामिल हैं। प्रतिवेदन अवधि के दौरान, संस्थान ने कुल 1,75,401/– (मात्र एक लाख पचहत्तर हजार चार सौ एक) रुपए राशि की स्मारिका वस्तुओं की बिक्री की इस बिक्री से 44,038/– (रुपये चवालीस हजार अड़तीस मात्र) राशि का शुद्ध लाभ हुआ।

संस्थान बुक शॉप में टिकटों की बिक्री तथा अन्य आय का सारणीबद्ध विवरण निम्नानुसार है–

क्रमांक	शीर्ष	राशि (₹)
1.	संस्थान के प्रकाशनों की बिक्री	3,44,460/-
2.	प्रवेश टिकट से आय	82,63,990/-
3.	स्मारिका वस्तुओं की बिक्री से शुद्ध लाभ	44,038/-
	कुल	86,52,788/-

फायर स्टेशन कैफे

प्रतिवेदन अवधि के दौरान फायर स्टेशन कैफे की आय और व्यय का विवरण निम्न प्रकार है–

[redacted]

[redacted]

कैफे के लेखाओं का प्रबंधन संस्थान की फैलोज मैस/कैंटीन के साथ किया जाता है जिसकी सनदी लेखाकार द्वारा लेखापरीक्षा की जाती है। कैफे में रखे गए स्टाफ का वेतन मैस निधि से दिया जाता है, जबकि बिजली और जल का प्रभार संस्थान द्वारा वहन किया जाता है।

औषधालय

संस्थान में औषधालय में सेवाएं प्रदान करने के लिए एक आवासी चिकित्सा अधिकारी तथा एक फार्मासिस्ट है जहां संस्थान के अध्येताओं, सह–अध्येताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। प्रतिवेदन अवधि के दौरान औषधालय में 4,252 रोगियों की जाँच की गई तथा आवासी चिकित्सा अधिकारी द्वारा 106 आपातकालीन सेवाएं भी प्रदान की गईं।

मार्च 2020 में कोविड–19 के प्रकोप के दौरान समय–समय पर सामाजिक दूरी, मास्क पहनने और हाथ की स्वच्छता के बुनियादी सुरक्षा उपायों के बारे में स्वास्थ्य परामर्श/निर्देश भी जारी किए गए।

आपूर्ति एवं सेवा

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान आपूर्ति एवं सेवा अनुभाग अध्येताओं के अध्ययन कक्षों तथा संस्थान के सुचारू संचालन के लिए सरकारी ई–बाजार के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कार्यालयी की खरीद की गई।

उद्यान

संस्थान परिसर में विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के साथ एक सुंदर और विशाल उद्यान है, और इतनी ऊंचाई पर स्थित सबसे अच्छे भूदृश्य उद्यानों में से यह एक है। मुख्य भवन की छत से बारिश के पानी का संग्रह करके बगीचों की वर्ष भर सिंचाई की जाती है। उद्यान में तीन नर्सरियां हैं जहां से संस्थान की साज–सज्ज की आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। यहां कुछ दुर्लभ हिमालयी पौधे भी हैं। संस्थान के उद्यान को इस क्षेत्र के सबसे सुंदर और सुव्यवस्थित उद्यानों में से एक माना गया है। बागवानी प्रेमी आम जनता के लिए, नर्सरी में पौधे बिक्री के लिए भी उपलब्ध हैं।

प्रतिवेदन अवधि के दौरान उद्यान अनुभाग द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए–

- चिनार लॉन और इमारत के पिछले हिस्से में लॉन घास की दो नई प्रजातियों– लोलियम एसपीपी और फेस्टुका एसपीपी का परीक्षण किया गया जोकि सफल रहा।
- स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गोरखा गेट के पास गोल्डन जुनिपर, सागो पाम, थूजा, ग्रीन जुनिपर्स, एगेव, यूओनिमस जैसे पौधों के साथ भूनिर्माण किया गया।
- गुलाब, ग्लेडियोलस, रेनुनकुलस, गेंदा, कैलेंडुला आदि जैसे विभिन्न फूलों की विभिन्न किस्मों की खेती की गई।

संस्थान की वनस्पतियों का वानस्पतिक वर्गीकरण किया गया।

- बरसात के मौसम के वार्षिक बीज जैसे गेंदा, ऐमारैंथस, टैगेटस, कॉसमॉस, सूरजमुखी, झिनिया, सेलोसिया, एस्टर, कोचिया, साल्विया आदि अप्रैल व जून–जुलाई में बोए गए।

- माह सितंबर–अक्टूबर में कैलेंडुला, कैंडीटुफ्ट गोडेटिया, क्लार्किया, सिजेन्थस, पोस्ता, साइक्लेमेन, प्रिमुला, रेनकुंकलस, पेटुनिया, स्टेटिस, कॉर्न फ्लावर, सिनेरिया जैसे वार्षिक शीत ऋतु के बीज बोए गए।
- संस्थान के साथ–साथ अध्येताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासों में लगी फुलवाड़ियों का भी नियमित रूप से रखरखाव किया गया।

इस अवधि के दौरान मात्र 27,530/–रूपए की राशि के पौधों की बिक्री की गई।

आंतरिक शिकायत समिति

02 सितंबर 2021 को सुश्री डेज़ी ठाकुर, अध्यक्षा, राज्य महिला आयोग द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ कानूनों और अधिकारों की जानकारी पर आधारित एक व्याख्यान दिया गया।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा सुश्री डेजी ठाकुर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए।

इस अवधि के दौरान दो शिकायतों पर कार्यवाही की गई।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

संस्थान में 21 जून 2021 को 7वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कोविड दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए बहुत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका, इंडिका पिक्चर्स की क्यूरेटर, स्वतंत्र रचनात्मक लेखिका और कलाकार सुश्री गायत्री अय्यर ने संस्थान के अध्येताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को विभिन्न योग आसन सिखाए।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर मकरंद आर. परांजपे ने स्वागत भाषण के दौरान योग के महत्व पर प्रकाश डाला और योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल किए जाने का आह्वान किया।

सूचना का अधिकार

प्रतिवेदन अवधि के दौरान विविध सूचनाओं से संबंधित 20 आवेदन प्राप्त हुए जिनका सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधान के तहत आवेदकों को प्रासंगिक जानकारी उपबलब्ध करवाई गई।

नव नियुक्तियाँ

श्री नरेंद्र चौहान को 6 जुलाई 2021 को अनुभाग अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री नवीन हरनोट को उनके पिता श्री रमेश चंद के आकस्मिक निधन के पश्चात 4 अगस्त 2021 को अनुकंपा के आधार पर बहुकार्य–कर्मी (एमटीएस) के रूप में नियुक्त किया गया है।

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
राष्ट्रपति निवास, शिमला-171005

सोसाइटी

1. प्रोफेसर शशिप्रभा कुमार
   अध्यक्ष, सोसाइटी
   भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
   राष्ट्रपति निवास शिमला – 171005
   एवं
   संकायाध्यक्ष
   श्री शंकराचार्य संस्कृत महाविद्यालय
   भारतीय विद्या भवन, नई दिल्ली–110001
   ईमेल– chairperson@iias.ac.in/ prof.shashiprabha@gmail.com

2. प्रोफेसर शैलेंद्र राज मेहता
   उपाध्यक्ष, सोसाइटी
   भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
   राष्ट्रपति निवास शिमला – 171005
   दूरभाष : 0177–2830006(0)
   फैक्स : 0177– 2831389 / 2830995
   एवं
   अध्यक्ष, माइका
   अहमदाबाद, गुजरात –380058
   ईमेल– shaiendra.mehta@micamail.in

3. प्रोफेसर नागेश्वर राव
   निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)
   भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान
   राष्ट्रपति निवास शिमला–171005
   ईमेल– director@iias.ac.in

